# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 234 । नर्मदापुरम, शनिवार 30 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

अंतिम छोर के टेल एरिया तक पहुंचा नहर का पानी — पृष्ठ 3
▸ प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन
▸ भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं — पृष्ठ 4
▸ एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति में नपा अमले ने सख्ती से हटाया अतिक्रमण — पृष्ठ 6
जर्मनी के साथ मिलकर प्रदेश के उद्योग और व्यवसाय को देंगे विशिष्ट पहचान — पृष्ठ 8

## सार समाचार

### महायुति की बैठक टली, शिंदे सातारा पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। क्योंकि, अभी तक न ही भाजपा विधायक दल की बैठक हुई और न ही महायुति की बैठक हुई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया गया था और विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो चुका है। लेकिन, अभी तक महायुति से महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, हाल ही में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उन्हें भाजपा का मुख्यमंत्री भी मंजूर है।

महायुति और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम समर्थन करेंगे। एकनाथ शिंदे के इस बयान के बाद कयास लगाए जाने लगे कि देवेंद्र फडणवीस ही महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे में एकनाथ शिंदे की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़ा होगा। क्या वह महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम बनकर काम करने के लिए तैयार होंगे, या फिर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे? गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद कयास लगाए जाने लगे कि महायुति में सबकुछ ठीक है और शुक्रवार को महायुति की बैठक में सीएम के नाम का ऐलान हो जाएगा। लेकिन, इस बैठक को उस वक्त टालना पड़ा जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक अपने गांव सातारा चले गए। कहा जा रहा है कि एकनाथ शिंदे को केंद्र की ओर से केंद्रीय मंत्री बनाने का प्रस्ताव भी दिया गया है। इसके अलावा डिप्टी सीएम का पद ऑफर भी दिया गया है। अगर एकनाथ शिंदे केंद्रीय मंत्री बनने पर सहमति देते हैं तो उनके गुट से किसी को डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। माना जा रहा है कि अब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक एक दिसंबर को हो सकती है। इस दौरान दो ऑब्जर्वर्स की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारियों को लेकर ईडी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक बार फिर जमकर खरी-खोटी सुनाई है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने ईडी की दोषसिद्धि दर कम होने पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जाता है तो क्या होगा? मुकदमे के लिए किसी को कब तक इंतजार करना पड़ सकता है?पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी पर यह सुनवाई करते हुए जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने ईडी की गिरफ्तारियों पर सवाल उठाया। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 2 साल से जेल में बंद चटर्जी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अरसे तक बिना मुकदमा चलाए हिरासत में रखने पर यह अहम टिप्पणियां कीं।

### अडानी व उनकी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई से कोई लेना-देना नहीं : सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में प्रख्यात उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है तथा इस बारे में अमेरिकी प्रशासन ने भारत सरकार को पहले कोई सूचना नहीं दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग के दौरान अडानी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, यह निजी फर्मों और व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी रास्ते हैं, जिसे लेकर हमारा मानना है कि उनका पालन किया जाएगा।


### निर्माता राज कुंद्रा के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं। ईडी की इस छापेमारी का संबंध राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों द्वारा संचालित कथित पोर्नोग्राफी नेटवर्क और चैनलों से है।

---

मुख्यमंत्री की यूके और जर्मनी यात्रा, म्यूनिख में मीडिया से कहा-

# प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए द्वार खुलेंगे



▸ टेक्नों-फ्रेंड युवाओं को मिलेंगे रोजगार के बेहतर अवसर
▸ वर्क फोर्स बनकर करेंगे काम

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी जर्मनी और यूके यात्रा को लेकर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश में राज्य के युवाओं के लिए निवेश के नए अवसरों का निर्माण करना है। उन्होंने कहा यात्रा का उद्देश्य राज्य के युवाओं के रोजगार, औद्योगिकीकरण और मध्यप्रदेश को देश और दुनिया के सामने एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करना था। हमने पूरे समय का सदुपयोग किया। जर्मनी और यूके की यात्रा के बाद, मैं कह सकता हूँ कि यह यात्रा हमारे टेक्नों-फ्रेंड ऊर्जावान, प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को म्यूनिख में अपनी यात्रा के अंतिम दिन मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी और यूके आर्थिक और तकनीकी रूप से साधन संपन्न देश हैं, उन्हें आवश्यकता है तो मेन पॉवर की। हमारे पास मेन पॉवर उपलब्ध है, तकनीकी रूप से दक्ष युवा है, दोनों को जोड़ने के लिए यदि जरूरत है तो भाषा की। लैंग्वेंज प्रॉब्लम को दूर कर हम एक-दूसरे के पूरक के रूप में वर्क-फोर्स बनकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जर्मनी से मध्यप्रदेश में निवेश के प्रस्ताव अनेक औद्योगिक सेक्टर्स के लिए प्राप्त हुए हैं। कृषि, एआई, हेल्थ, सेमीकंडक्टर, शिक्षा, नई तकनीक और भारी उद्योग के क्षेत्र में निवेशकों ने निवेश की इच्छा जाहिर की है। साथ ही अनेक क्षेत्रों में निवेश के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में किए गए प्रयासों से उन्हें न केवल सफलता मिली बल्कि समझने और सीखने का भी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### ग्लोबल लीडर हैं प्रधानमंत्री मोदी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ग्लोबल लीडर हैं और उनके विजन से देश आगे बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी हमारा मित्र देश है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य बेहतर समन्वय का हमें भी लाभ मिला है। जर्मन बढ़ते भारत और आगे बढ़ते मध्यप्रदेश के साथ भविष्य में व्यापार एवं उद्योग के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी, भारत का सदैव प्रशंसक रहा है। हमारी साझा विरासत गौरवशाली रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जर्मनी के साथ हिन्दुस्तान के सौहार्द्रपूर्ण संबंधों की बात करें तो नेताजी सुभाषचंद्र बोस के समय को याद कर सकते हैं। जर्मन, मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं को समझते हैं।

भोपाल को मिलेगा वैश्विक औद्योगिक केंद्र का दर्जा

## उधर, जर्मनी में उद्योगपतियों से की चर्चा, इधर, एसीईडीएस को भोपाल में भूमि आवंटित



*मुख्यमंत्री ने म्यूनिख में जर्मन निवेशक को सौंपा भूमि आवंटन पत्र*

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जर्मनी यात्रा के दौरान गुरूवार को निवेशकों से मुलाकात कर उनसे मध्यप्रदेश में निवेश का आग्रह किया। राज्य शासन ने लगे हाथ ही जर्मनी की कंपनी एसीईडीएस को भोपाल में भूमि आवंटन का आदेश जारी कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने म्यूनिख में जर्मन निवेशक को भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन का पत्र सौंपा। इस कंपनी ने मप्र में सौ करोड़ से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नए निवेश प्रस्तावों से भोपाल को वैश्विक औद्योगिक केन्द्र का दर्जा मिलेगा। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक भोपाल के अचारपुरा में जर्मन कंपनी एसीईडीएस लिमिटेड को 27,200 वर्गमीटर (6.72 एकड़) जमीन आवंटित की गई है। इस कम्पनी की स्थापना से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। इस उद्योग की स्थापना से एक्स-रे मशीन निर्माण एवं अन्य उपकरण, सौर ऊर्जा पॉवर प्लांट सहित नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस यात्रा ने प्रमाणित कर दिया है कि मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए अब ऐसा माहौल तैयार हो चुका है, जहां व्यापार को बढ़ावा देने के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

# गोंदिया में सड़क हादसा, 9 की मौत



**गोंदिया, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस के आगे अचानक एक बाइक आ गई। बाइक चालक को बचाने की कोशिश करते हुए बस के ड्राइवर ने तेजी से कट मारा, जिसके चलते बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई है और कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के अनुसार, बस का ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस सेवा को दी। इसके बाद, पुलिस और एंबुलेंस विभाग तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल यात्रियों को निकालकर गोंदिया के जिला शासकीय केटीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद शिवशाही बस को क्रेन की मदद से उठाया जा रहा है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में मारे गए और घायल यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना पर प्रदेश के कार्यवाहक डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गोंदिया जिले में सड़क अर्जुनी के पास एक शिवशाही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और कुछ यात्रियों की मृत्यु हो गई। मैं दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

विपक्षी दलों ने दोनों सदनों में किया हंगामा

# अडानी, संभल व मणिपुर पर संसद में हंगामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों का जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सदस्यों ने अडानी रिश्वतखोरी मामला और संभल हिंसा समेत अन्य मुद्दों पर अपना विरोध जारी रखा। हंगामा बढ़ते देख लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा।

### लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

सुबह के सत्र में सूचीबद्ध पत्रों को रखे जाने के तुरंत बाद, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें सदन के नियम 267 के तहत कार्यसूची को स्थगित करने के लिए 17 नोटिस मिले हैं। विपक्षी सांसदों ने अडानी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोपों, उत्तर प्रदेश के संभल में सांप्रदायिक हिंसा और मणिपुर में जातीय संघर्ष पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सभापति ने कहा कि वह सभी नोटिसों को अस्वीकार कर रहे हैं। इससे कई विपक्षी सांसदों ने विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी।

धनखड़ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, मैं आपसे (सांसदों से) गहन चिंतन का आह्वान करता हूं। नियम 267 का इस्तेमाल व्यवधान के हथियार के रूप में किया जा रहा है। कांग्रेस सहित विपक्षी सांसदों ने इस टिप्पणी का विरोध किया। इस बीच, लोकसभा की कार्यवाही शुरू में दोपहर तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों ने अडानी विवाद और ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष को घेरा, कहा-

# हार से गुस्साए विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है। वे हर बार एक बड़ा झूठ लेकर आते हैं। 2019 में जो चौकीदार उनके लिए चोर था, 2024 तक आते-आते वो ईमानदार हो गया और एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं कह पाए। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा किया जाए।

कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर जताई चिंता

# आत्मचिंतन और कमियों को दूर करने की खड़गे ने दी सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में हुए चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर विचार-विमर्श करने और आगामी दिल्ली चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में हुई हार पर पार्टी के उम्मीद से कम प्रदर्शन पर चिंता जताई। उन्होंने आंतरिक मतभेद और ईवीएम पर सवाल उठाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आह्वान किया। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की सराहना करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि बाद के विधानसभा चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। खड़गे ने पार्टी से आत्मचिंतन करने और अपनी कमियों को दूर करने का आग्रह किया। इस बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत कई नेता मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने कहा कि लोकसभा के बाद हुए चार राज्यों ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

▸ ईवीएम व चुनाव आयोग पर सवाल उठाए
▸ पार्टी में अंदरूनी कलह, एकजुटता की कमी

### नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्साह भरे नतीजों को हासिल करने के बाद विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी को धक्का लगा है, लेकिन इससे हताश होने की बजाय कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से काम करते हुए समय के अनुसार बदलाव लाने की जरूरत है।

---

विकास दर दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी पर फिसली

# उम्मीद से भी नीचे लुढ़की भारतीय अर्थव्यवस्था

◆ उपभोग घटने से प्रभावित हुए आंकड़े
◆ विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से शुक्रवार को इसके आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए।

हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर 4.3 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2022) में दर्ज किया गया था। आरबीआई के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.582 अरब डॉलर रह गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.7 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। 2024-25 में अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 12.7 प्रतिशत थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में जीवीए की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व की 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। निर्माण क्षेत्र में दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की 13.6 प्रतिशत से कम है। 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 2024-25 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी 44.10 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। जबकि 2023-24 की दूसरी तिमाही में यह 41.86 लाख करोड़ रुपये होगी, जो 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार को हिंसा-प्रभावित क्षेत्र में शांति बनाने का दिया निर्देश

# संभल मस्जिद सर्वेक्षण पर रोक लगाई

### मस्जिद समिति ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को दी है चुनौती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के संभल की ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण से संबंधित मामले में कोई आदेश पारित न करें और उत्तर प्रदेश सरकार को हिंसा-प्रभावित क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट मुस्लिम पक्ष की याचिका दायर होने के तीन दिनों के भीतर सुनवाई करें। हमें उम्मीद और भरोसा है कि निचली अदालत इस मामले में तब तक आगे की कार्रवाई के लिए न बढ़ें जब तक कि हाई कोर्ट मामले में सुनवाई कर आदेश पारित नहीं लेता।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को संभल में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा दोनों समुदायों के सदस्यों को शामिल कर एक शांति समिति गठित करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने संभल की निचली अदालत से कहा कि वह उसके सामने पेश जाने वाली किसी भी सीलबंद रिपोर्ट को तब तक न खोले जब तक कि हाई कोर्ट मामले की सुनवाई न कर ले और याचिका पर आदेश पारित न कर दे। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने के लिए मुस्लिम पक्ष से कहा है कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट जा सकते हैं और मामले को पेंडिंग रखा है और कहा है कि अब मामले की सुनवाई के लिए इसे छह जननरी से शुरू होने वाले सप्ताह में लिस्ट किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को संभल में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए शांति समिति गठित करने को कहा गया, जिसमें दोनों समुदायों के सदस्य शामिल होंगे।

ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया गया कि कोई भी रिपोर्ट, जो उसके सामने दायर की जा सकती है, उसे तब तक न खोला जाए जब तक हाई कोर्ट इस मामले में कोई आदेश न पारित करे। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को जिला अदालत के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की सलाह दी है।

# आरआई से मारपीट करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

## शराब के नशे में धुत था जेल में बंद कैदी का भाई



**इटारसी, देशबन्धु।** नाला मोहल्ला में राजस्व निरीक्षक के साथ मारपीट की घटना के पीछे कारण यह रहा था कि जिस कैदी के परिवार की जानकारी लेने राजस्व निरीक्षक गये थे, उसके भाई को शराब के नशे में देख जानकारी लिए बिना उठने लगे। कैदी का भाई नशे में धुत था और अनर्गल बातें कर रहा था, वह पीछे ही पड़ गया। जब आरआई रुकने को राजी नहीं हुए तो युवक ने अपनी एक अन्य साथी के साथ उनसे मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। हालांकि हमले में आरआई के हाथ में मामूली सी चोट आयी है। पुलिस ने आरआई की शिकायत पर मारपीट के अलावा शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि नाला मोहल्ला निवासी प्रीतम उर्फ विक्रम मेहरा पिता रामप्रकाश मेहरा सेंट्रल जेल में बंद है। कैदी की सजा पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उस पर 25 हजार का जुर्माना भी है। शासकीय योजना अनुसार यदि कैदी जुर्माना भरने की स्थिति में नहीं होता है, तो गरीब कैदी योजना सहायता अंतर्गत उसे राहत दी जाती है, इसी की जानकारी जुटाने आरआई चंद्रशेखर बाथरे पिता अन्नीलाल बाथरे, निवासी ईशान टाउन सनखेड़ा नाका पुरानी इटारसी, नाला मोहल्ला टपरिया क्षेत्र में कैदी के घर गये थे। घर पर उसका भाई भूरू मेहरा और दोस्त रामू उईके मिले। ये लोग नशे में थे, इनको नशे में देखकर आरआई श्री बाथरे घर से यह सोचकर उठने लगे कि बाद में आकर जानकारी लेंगे, इस पर विक्रम के भाई ने बहक की और दोस्त के साथ मिलकर मारपीट की। उसने पास में रखे चाकू से हमला किया। घबराकर आरआई जान बचाने भागे और पास ही एक अन्य मकान में छिपकर जान बचायी।

**सजा हो चुकी है खत्म**- प्रीतम उर्फ विक्रम मेहरा पिता राम प्रकाश मेहरा जेल में बंद है जिसकी सजा 15 नवंबर 24 को पूर्ण हो चुकी है, परन्तु 25000 रुपए जुर्माना नहीं भरने की हालत में जेल से रिहा नहीं हो पा रहा था। गरीब कैदी योजना का लाभ देने की शासकीय योजना के अंतर्गत आरआई उसके परिवार की जानकारी लेने गये थे, इस दौरान मारपीट, चाकू से हमला और जान से मारने की धमकी देने की यह घटना हुई।

# कचरा संग्रह करने नपा ने खरीदे दो ई-व्हीकल, विधायक ने किया रवाना



**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद द्वारा दो ई-व्हीकल खरीदे गये हैं, जो नगर से कचरा संग्रह करेंगे। यह संभाग में पहली बार है कि किसी नगर पालिका ने कचरा संग्रह करने ई-व्हीकल खरीदे हैं। आज विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने इनको नगर को समर्पित किया।

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आज शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे इन्हें नगर पालिका कार्यालय के सामने से हरी झंडी दिखा कर नगर में जाने के लिए रवाना किया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, शासकीय एमजीएम कालेज में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, भाजपा नगर महामंत्री राहुल चौरे, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जय किशोर चौधरी, स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव, सभापति मनजीत कलोसिया, देवेंद्र पटेल, अवध पांडे एवं अन्य भाजपा नेता सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**इटारसी, देशबन्धु।** सिटी पुलिस ने शादी का झांसा देकर 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी एक युवक को कोर्ट के आदेश से जेल भेज दिया है। युवक पूर्व से ही शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। पुलिस के अनुसार युवक और युवती का कुछ वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, अब युवती की शादी कहीं ओर होने वाली थी। युवती ने शादी के लिए जोर दिया तो युवक ने टालमटोली की और जहां शादी होनी थी, वहां सूचना देकर शादी भी तुड़वा दी। युवती अपने मामा के साथ पुलिस थाने पहुंची और युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी राहुल गोदरे 22 वर्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के मार्गदर्शन में एसआई श्रद्धा राजपूत ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।

### राजस्व समिति के सभापति के पति ने उठाये नपा की कार्यप्रणाली पर सवाल

**इटारसी, देशबन्धु।** जहां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुबह से वार्डों का दौरा करके मीडिया को खबर और फोटो जारी करा रहे हैं, वहीं उनकी ही परिषद के एक सभापति के पति नगर पालिका के कार्यों से संतुष्ट नहीं हैं और स्पष्ट आरोप लगा रहे हैं कि सफाई व्यवस्था और विकास कार्य ठप हैं, नपा को अपनी कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाना चाहिए।

राजस्व समिति के सभापति श्रीमती अमृता ठाकुर के पति मनीष सिंह ठाकुर ने आज ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके कहा है कि नगर पालिका की सामान्य परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि न्यास कॉलोनी के चेंबर सफाई के लिए आउटसोर्सिंग से कर्मचारी रखे जाएंगे, कर्मचारी तो रखे गए किंतु न्यास कॉलोनी को एक भी कर्मचारी नहीं मिला उनका उपयोग कहां हो रहा है, इसका पता नहीं।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी की कमी है, कोई अधिकारी वार्ड की समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं है, एक ही जवाब उनके पास कोई पावर नहीं है। लाइट सुधारने के लिए पूरे शहर में 2 कर्मचारी हैं और महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की करीब एक लाख जनता से विकास के वादे वाली परिषद से निवेदन है कि वार्ड के कार्यों की समीक्षा एवं सफाई व्यवस्था के साथ नए विकास कार्य जो ठप हैं और नगर पालिका कर्मचारियों की कार्य प्रणाली को लेकर समीक्षा करें, अब ये नौबत यह आ गई कि पार्षद को खुद सफाई करनी पड़ रही है।

### व्यंकटेश नगर में 56 लाख की लागत से बनेगा पार्क, भूमिपूजन 1 को

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद द्वारा अमृत 2.0 ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट योजना के तहत वार्ड 33, व्यंकटेश नगर, इटारसी में आधुनिक पार्क निर्माण होने जा रहा है। 56 लाख रुपये लागत से बनने वाले इस पार्क का भूमिपूजन 01 दिसंबर, रविवार को दोपहर 1 बजे होगा। भूमिपूजन विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सीएमओ ने देखी रैन बसेरा की व्यवस्थाएं, पर्याप्त गर्म कपड़े रखने के निर्देश

**इटारसी, देशबन्धु।** ठंड में खानाबदोश लोगों को बचाने, नगर पालिका ने रैन बसेना में पर्याप्त गर्म कपड़ों का इंतजाम किया है। इसके अलावा आगामी दिनों में नगर पालिका शहर के करीब आधा दर्जन स्थानों पर अलाव जलाने का इंतजाम भी करेगी। कलेक्टर सुश्री



सोनिया मीणा के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने नगर पालिका परिषद द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां कार्यरत कर्मचारी को ठंड के दौरान रहने वालों के लिए पर्याप्त मात्रा में कंबल आदि गर्म कपड़ों का इंतजाम रखने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी कमलकांत बड़गोती सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### कोना-कोना शिक्षा कार्यक्रम का समापन



**बैतूल, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में एनआईएसएम द्वारा प्राचार्य डॉ.वर्षा खुराना के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कोना-कोना शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन किया गया। कार्यशाला में एनआईएसएम के आरपी जितेंद्र धुंड़े द्वारा विद्यार्थियों को प्रतिभूति बाजार में करियर के अवसर, म्युचुअल फंड, डिमैट अकाउंट, सेबी की शिकायत प्रणाली, बचत एवं निवेश प्राथमिकता एवं वित्तीय बाजार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रश्न मंच प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर का हिस्सा लिया। कार्यशाला में प्रो.पंकज कुमार झाड़े और श्री हनोते, आशीष देशभ्रतार सहित लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# कॉन्वेन्ट स्कूल के पास मुख्य पाइप लाइन डैमेज, तत्काल पहुंचे नपाध्यक्ष और जलकार्य सभापति

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को सुबह जलकार्य सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल ने खबर दी कि कॉन्वेन्ट स्कूल के पास धोखेड़ा से आने वाली मुख्य पाइप लाइन डैमेज हो गई है, जिससे पानी बह रहा है। खबर मिलने पर नपाध्यक्ष पंकज चौरे तत्काल ही जलकार्य विभाग के कर्मचारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। यहां जलकार्य सभापति श्रीमती पटेल भी मौजूद थीं। उन्होंने डैमेज पाइप लाइन का निरीक्षण किया और जल्द ही उसे ठीक करने के निर्देश दिए हैं। पानी व्यर्थ न बहे इसके लिए पाइप लाइन में पानी सप्लाई भी तत्काल रोक दी गई है। पाइप लाइन डैमेज हो जाने से गांधीनगर, मालवीयगंज, पंजाबी मोहल्ला एरिया में पानी की समस्या आएगी, जिसे अन्य स्थानों से पानी सप्लाई किया जाएगा।



# आकाशीय पिंडों से सीखा जा सकता है कुशल प्रशासन : कंसोटिया

## प्रशिक्षणार्थियों ने आकाशीय पिंडों का अनुशासन समझा, टेलिस्कोप से देखा खगोलसंसार

**इटारसी, देशबन्धु।** जिले की विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दो विशाल न्यूटोनियम टेलीस्कोप की मदद से आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के प्रशिक्षणार्थियों को खगोल संसार से अवगत कराया।

वर्तमान में पृथ्वी के नजदीक दिखते सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह गुरू और अपने रिंग के साथ सुंदरता बिखेरते शनि को साथ अन्य खगोलीय पिंडों का अवलोकन करने आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में महानिदेशक जेएन कांसोटिया की पहल पर आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने इसमें दो विशाल न्यूटोनियम टेलिस्कोप की मदद से खगोलीय पिंडों का अवलोकन कराया, इसके साथ ही इनकी टीम ने प्रजेंटेशन के द्वारा खगोलविज्ञान के विभिन्न गणितीय पहलुओं को सामने रखा।

कार्यक्रम में जेएन कांसोटिया ने टेलिस्कोप से जुपिटर, सेटर्न के अवलोकन के दौरान अपने संदेश में कहा कि आकाशीय पिंडों के अनुशासन एवं उनके व्यवहार का भी हमें प्रशासकीय दक्षता को प्रभावी बनाने अनुसरण करना चाहिये। इनके वैज्ञानिक पक्ष को समझते हुये अपने व्यवहार में अपनाना चाहिये। कार्यक्रम में अकादमी के डायरेक्टर मुजीबुर्रहमान खान तथा अन्य प्रशिक्षण विभाग के प्रमंख उपस्थित थे। रिसोर्स पर्सन के रूप में सारिका द्वारा विभिन्न चलित मॉडल की मदद से खगोल विज्ञान को रोचक तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशिक्षणर्थियों ने अपनी खगोल विज्ञान संबधी जिज्ञासा के उत्तर प्राप्त किये।



# एचआईवी, एड्स और टीबी रोकथाम में युवाओं की अहम भूमिका: मदरेले

बैतूल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में योर्स सोशल सोसायटी लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना बैतूल द्वारा एचआईवी/एड्स और टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम भरकावाड़ी में किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला क्षय एवं एड्स नोडल अधिकारी डॉ. आनंद मालवीय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भरकावाड़ी के सरपंच मोहन सातपुते रहे, जबकि निर्देश मदरेले ने विशिष्ट अतिथि के रूप में युवाओं को जागरूकता अभियान में शामिल होने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि मोहन सातपुते ने कहा कि टीबी और एचआईवी/एड्स जैसी बीमारियों की रोकथाम में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी हो, तो उसकी टीबी जांच जरूर करानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे रक्तदान के लिए प्रेरित हों और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम प्रबंधक निर्देश मदरेले ने कहा कि टीबी और एचआईवी/एड्स के उन्मूलन में विशेष रूप से युवाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और बैतूल जिले को टीबी मुक्त बनाने में योगदान दें।

काउंसलर वर्षा खातरकर ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से बैतूल जिले में टीआई (लक्ष्यगत हस्तक्षेप) प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च जोखिम वाले वातावरण में रहने वाले लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। पुराने टीबी मरीजों और सर्दी-खांसी से पीड़ित लोगों के




सैंपल लिए गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी बामनकर और अनिता सतोंके की उपस्थिति में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। एम एंड ई वैभव मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी-मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाने में हर देशवासी का योगदान आवश्यक है। भारत में टीबी अन्य संक्रामक रोगों की तुलना में सबसे अधिक जानलेवा है। बैतूल जिला इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। शिविर में वैभव मालवीय, वर्षा खातरकर, छाया प्रजापति, भाग्यश्री तालमपुरिया, भाग्यश्री नामदेव, अभिषेक सोनी, पीयर्स कीर्ति नामदेव, नमिता बरेठिया सहित कई स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समुदाय को विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई और एचआईवी से बचाव के उपाय बताए गए।

# फाइनल में पहुंची पीपी लीजेंड और डीसीए सीनियर




## फाइनल मुकाबला आज

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन बैतूल के तत्वाधान में स्व. बुधराव देशमुख और स्व.ठाकुर चंद्रचूड़ सिंह किलेदार स्मृति में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम कोठी बाजार में आयोजित स्मृति कप 2024 का सेमीफाइनल मैच शुक्रवार को पीपी लीजेंड और डीसीए जूनियर के मध्य खेला गया।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव व मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मैच ऑब्जर्वर अनिल दीक्षित ने बताया कि मैच में दोनों टीमों से परिचय बालाजी एसोसिएट के संदीप सोनी ने प्राप्त किया। डीसीए बी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 131 रनों पर ऑल आउट हो गई। तेजी से शुरुआत देने की कोशिश में डीसीए जूनियर की टीम लगातार विकेट गिराती रही और टीम 19.3 ओवर में 131 रनों पर ऑल आउट हो गई। डीसीए की ओर से सबसे ज्यादा आयुष ने 27 रन बनाए जबकि विवेक ने 21 और दीपक रघुवंशी ने 18 रन बनाए। पीपी लीजेंड की ओर से राहुल ने चार ओवरों में 19 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राज ने तीन और सौरभ ने दो विकेट लिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष जगेंद्र तोमर और रमन ठाकुर ने बताया कि 132 रनों का लक्ष्य पीपी लीजेंड ने 13 ओवरों में तीन विकेट पर प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ खिलाड़ी महेंद्र सिंह तोमर ने राहुल को दिया।

दूसरा मैच डीसीए सीनियर और एलबीएस के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए की टीम में भानु रघुवंशी टूर्नामेंट के दूसरे शतक वीर बने उन्होंने आउट होने के पूर्व 120 रन 58 गेंद पर 17 चौके और पांच छक्कों की मदद से बनाएं। डॉक्टर नितिन देशमुख और शैलेश गुबरेले ने बताया कि भानु के शतक के अतिरिक्त कोई भी बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सका। भानु के बाद सर्वाधिक स्कोर 17 रन नवीन ने बनाए जबकि 15-15 रन आदर्श और मोहित झाबा ने बनाए, कुल 196 रन बने। मोहित सिंह और हर्षित परसाई ने टीम की ओर से तीन-तीन विकेट लिए। संजय हुद्दार, शंकर चौकीकर ने बताया कि 197 रनों का पीछा करने उतरी एलबीएस की टीम ने पहला विकेट दूसरी ही बॉल पर रोक दिया। दूसरा विकेट 7 रन पर गिरा। तीसरे विकेट के लिए राहुल चंद्रोल और शाश्वत ने 71 रन जोड़े। राहुल 44 और शाश्वत 55 रन बना सके। ऐसे में मैच कभी डीसीए की ओर और कभी एलबीएस की ओर झुकता दिखता रहा। सभी दर्शक टकटकी लगाए मैच देखते रहे। आखिरी गेंद पर टीम 192 रन ही बना सकी जबकि एलबीएस के 6 विकेट गिरे। डीसीए सीनियर 4 रनों से जीतकर फाइनल में पहुंची। सुधीर जैन ने बताया कि इस मैच में शतक वीर भानु रघुवंशी को अभिजर हुसैन द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। डीसीए कोच मोइज मंसूरी ने बताया कि शनिवार को फाइनल मैच डीसीए सीनियर और पीपी लीजेंड के मध्य सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरे में डूबा सवासन

## जिला पंचायत सदस्य ने उठाई ग्रामीणों की आवाज
## बिजली कंपनी के उपमहाप्रबंधक से मौके पर की चर्चा

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के ग्राम सवासन, पंचायत जामठी में 10-12 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली न होने से ग्रामीणों को जंगली जानवरों और जहरीले कीड़ों का खतरा सताने लगा है। गांव जंगल के पास स्थित है, जिससे रात के अंधेरे में ग्रामीणों को अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय बना रहता है। पहले भी सांप के काटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।



ग्रामीणों ने कई बार बिजली कंपनी के कर्मचारियों और सुपरवाइजर से ट्रांसफार्मर बदलने की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी दौरान ग्राम भ्रमण पर पहुंचीं जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े को ग्रामीण महिलाओं ने अपनी समस्या बताई। उर्मिला गव्हाड़े ने तत्काल बिजली कंपनी के उपमहाप्रबंधक मुलताई संजय यादव से मोबाइल पर चर्चा की और समस्या को गंभीरता से उठाया। यादव ने शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया और बिसनूर के सहायक यंत्री श्री गुजरे को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाड़े ने बताया कि सवासन में अधिकतर गरीब मजदूर, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग रहते हैं। गांव जंगल के पास होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। अंधेरे में किसी भी दुर्घटना की आशंका है। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं और समय रहते ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो किसी बड़ी अनहोनी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस दौरान उनके साथ समाजसेवी रमेश गव्हाड़े, महादेव बिहारे, राजेश चढ़ोकार, राजेश धुर्वे, बंडू बिहारे सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। उर्मिला गव्हाड़े की त्वरित पहल से गांव में आशा जगी है कि जल्द ही ट्रांसफार्मर बदला जाएगा और गांव के लोग अंधेरे से मुक्त हो सकेंगे।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### दिव्यांश का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए चयन

**हरदा, देशबन्धु।** संभाग स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय डोबी सीहोर जिला में आयोजित हुई। जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र दिव्यांश राठौर का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ ।संस्था के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिकरवार, प्रशासकीय अधिकारी वीके विछोतिया, खेलकूद व क्रीड़ा प्रभारी डॉ सीपी गुप्ता, खेल अधिकारी राहुल सराठे, डॉ संगीता बिले, डॉ धीरा शाह, डॉ दीपिका सेठे, डॉ निर्मला डोंगरे, डॉ धर्मेंद्र कोरी, यशवंत आदि शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए दिव्यांश को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 9 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन 9 दिसंबर को टीएल बैठक के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सर्व संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये है।

### विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** परियोजना संचालक राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के दिये गये निर्देशानुसार पूर्व वर्षों के अनुसार विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर 2024 के उपलक्ष्य में जिले के समस्त ब्लाकों में एच.आई.व्ही. एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि 2 दिसंबर से विश्व एड्स दिवस सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला, रैली, परिचर्चा, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता स्कूल कालेजों में एवं विकासखंड स्तर पर अन्य विभाग प्रमुखो से समन्वय कर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमे एड्स जागरूकता के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय हैंडबॉल टीम का हिस्सा बने हरदा के 7 खिलाड़ी

**हरदा, देशबन्धु।** जिले के 7 खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 68 वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाई है। इसी संदर्भ में मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री कमल पटेल ने अपने हरदा स्थित प्रतिष्ठान पेट्रोल पंप कार्यालय परिसर में




खिलाड़ियों का सम्मान कर उन्हें बधाई दी। साथ ही राष्ट्रीय हैंडबॉल टीम के कोच बने हरदा टीम के कोच विकास पाण्डेय को भी सम्मानित किया।

श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं डॉक्टर मोहन यादव के प्रादेशिक नेतृत्व में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने हेतु भाजपा सरकार निरन्तर बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। जिससे हमारे युवा खिलाड़ियों को हर मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु कमल युवा खेल महोत्सव भी एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ है जहां हरदा जिले की युवा प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया गया है और इसी के परिणामस्वरूप आज हरदा के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, शान्ति कुमार जैसानी समेत स्थानीय युवा साथी भी उपस्थित थे।

### किसान वर्ग की खुशहाली और संपन्नता हेतु हम संकल्पित हैं -पटेल

**हरदा, देशबन्धु।** शहीद इलापसिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से हरदा जिले के ग्राम अजनास रैयत एवं ग्राम अजनास खुर्द की शत-प्रतिशत भूमि सिंचित होने पर स्थानीय किसानों द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल समेत भाजपा सरकार के शीर्ष नेतृत्व का इस किसान हितैषी सौगात हेतु आभार व्यक्त किया गया।



इस दौरान पूर्व मंत्री श्री पटेल ने बताया कि शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से हरदा जिले के 118 गांव एवं मोरंड गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना से 144 गांव की भूमि सिंचित होने के साथ ही हरदा जिला मध्यप्रदेश का पहला 100त्न सिंचित जिला बन गया है। श्री पटेल ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रादेशिक नेतृत्व में भाजपा सरकार समूचे किसान वर्ग की खुशहाली और संपन्नता हेतु संकल्पित है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, हंडिया मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, समेत वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अंतिम छोर के टेल एरिया तक पहुंचा नहर का पानी

### अब किसानो की फसले लहलहाएगी



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी तिवारी विगत दिनों ग्राम बमुरिया मुंडिया खेड़ी एवं नाहरकोला खुर्द के भ्रमण पर गए थे। इस दौरान किसानों ने उन्हें अवगत कराया था कि इस टेल क्षेत्र में नहरे तो बनी है किंतु टेल एरिया होने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता है, इस कारण सिंचाई में काफी दिक्कत होती है। किसान ट्यूबवेल से सिंचाई करते हैं। किसानों ने संभागायुक्त से अनुरोध किया था कि यदि नहर में पानी आ जाए तो किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और उनकी खेती लहलहाने लगेगी। इसी क्रम में संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता राजाराम मीना को निर्देशित किया था कि 22 नवंबर तक पानी की सप्लाई नहरो में हो जानी चाहिए और टेल एरिया में पानी प्राथमिकता से पहुंचना चाहिए। जल संसाधन विभाग ने तत्काल कार्यवाही करते हुए सिंचाई के लिए नहर में पानी देने की शुरुआत कर दी और व्यवस्था निश्चित तिथि के पूर्व सुनिश्चित हो गई। जिस पर संभागायुक्त ने शुक्रवार को स्वयं ग्राम बमुरिया, मुंडिया खेड़ी एवं नाहरकोला खुर्द का निरीक्षण कर पाया की नहरो में वास्तव में पानी आ गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने संभागायुक्त को टेल क्षेत्र तक पानी पहुंचाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

संभागायुक्त श्री तिवारी बैराखेरी तिगडडा पहुंचे, यहां पर बड़ी संख्या में बमुरिया ग्राम के किसान पहुंचे थे। उन्होंने संभागायुक?त को बताया कि उनके निर्देश के पश्चात बमुरिया के टेल क्षेत्र में नहर का पानी आ गया है नहर में पानी आ जाने पर किसानों ने संभागायुक?त को धन्यवाद ज्ञापित किया। किसान अजय राजपूत, दिग्विजय सिंह राजपूत, गठन सिंह राजपूत ने कहा कि संभागायुक्त के संज्ञान लेने पर नहर में पानी आ गया। इससे इस बार फसल लहलहाएगी। संभागायुक्त ने किसानों को समझाइश दी कि वह खेतो में कीटनाशक का कम से कम प्रयोग करे इसके पश्चात संभागायुक्त ग्राम मुंडिया खेड़ी पहुंचे। मुड़िया खेड़ी में भी टेल क्षेत्र में 22 नवंबर से नहर में पानी आ चुका है और अभी भी निर्बाध गति से आ रहा है। किसान मोर्चा के श्री शंभू सिंह भाटी ने बताया कि संभागायुक?त के निर्देश पर टेल एरिया में पानी आ चुका है। जिससे किसानों में काफी हर्ष का वातावरण है। उन्होंने संभागायुक्त से मांग की की बिजली का शेड्यूल बदला जाए, अभी रात्रि 12 बजे से सिंचाई के लिए बिजली मिलती है। जिससे किसानों को रतजगा करना पड़ता है। संभागायुक्त ने कहा कि उन्होंने स्वयं बिजली का रिव्यू किया है और पता चला है कि शेड्यूल चेंज नहीं हो पाएगा। नर्मदापुरम एवं हरदा के लिए यह विशेष समय निर्धारित किया गया है। किसानों ने मांग की कि 12 किलोमीटर की नहर कच्ची और क्षतिग्रस्त है, नहर का सिमेटिकरण किया जाए। साथ ही बताया कि समीप के ग्राम बम्हनी में 400 एकड़ गोचर की जमीन है जहां पर गौ अभ्यारण बनाया जा सकता है। वहां पर हरे घास की, चारे और पानी की व्यवस्था भी है। संभागायुक्त ने कहा कि वह इस संबंध में चर्चा कर ही कुछ निर्णय कर पाएंगे। श्री भाटी एवं अन्य किसानों ने संभागायुक्त को किसान संगोष्ठी में आने का निमंत्रण दिया।

संभागायुक्त नाहरकोला खुर्द भी पिहुंचे, यहां भी विगत दिनों टेल क्षेत्र में पानी न पहुंचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। किसानों ने बताया कि संभागायुक्त के निर्देश के बाद 4 साल में पहली बार नहर में पानी आया है। इसके लिए सभी ने संभागायुक्त को धन्यवाद दिया।

किसानों ने मांग की कि रायगढ़ में आरसी का पिलर बनाए गए हैं। जिसकी डिजाइन से जल प्रवाह में दिक्कत होती है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता श्री राजाराम मीना ने बताया कि हेड अप पर कंट्रोल किया गया है, जिससे नहर में पानी आया है। किसानों ने नहर के किनारे किनारे चार किलोमीटर तक पक्की सड़क बनाने की मांग की। जिस पर संभागायुक्त ने आश्वासन दिया कि वह निर्माण विभाग से चर्चा कर तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

# रीजनल इण्डस्ट्री कान्क्लेव: शहर निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में 7 दिसम्बर को रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए बाहर से आने वाले निवेशकों के लिए शहर स्वागत के लिए आतुर है।

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आज कॉन्क्लेव के लिए की जा रही तैयारियों को मूर्त रूप दिया गया। तत्संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे आगामी 3 दिसम्बर तक कॉन्क्लेव की सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। बताया गया कि कॉन्क्लेव से पूर्व मुख्य मार्गों चौराहों एवं कार्यक्रम स्थल के आसपास सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। शहर की सडके स्वच्छ रहेंगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से शहर को जोडने वाली सर्विस रोड की मरम्मत समय से पूर्व कर दी जाएगी। बैतूल, हरदा, बुधनी, सलकनपुर, भोपाल से आने वाले मार्ग एवं जिला मुख्यालय को जोडने वाली सभी सडकों और राष्ट्रीय राजमार्गो की विशेष साफ सफाई एवं मरम्मत की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कुलामढी रोड के पैचवर्क का कार्य भी समय रहते पूरा कर लिया जाए। बताया गया कि विभिन्न मार्गो एवं शहर के मुख्य स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उक्त कार्य 3 दिसम्बर के पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। भोपाल तिराहा रसूलिया एवं एनएमव्ही तिराहा पर सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। विद्युत पोलो को स्लिवर कलर से रंगा जाएगा। रीजनल इण्डस?ट्री कॉन्क्लेव की अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए जगह-जगह एमपीआईडीसी द्वारा होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे।

कलेक्टर ने मुख्य आयोजन स्थल के पास बेतहरीन पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पार्किंग ऐरिया में अस्थाई मोबाईल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही संपूर्ण आयोजन स्थल पर समूचित सुविधाएं प्रदान की जाए। ताकि आगंतुको को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पडे। कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि वे अपने नगर की सीमा में सौंदर्यीकरण, मरम्मत और मुख्य मार्गो के किनारे सफाई का कार्य करवाएं। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे पीडब्ल्यूडी विभाग से स्टेज, डोम एवं टेंट क्षेत्र की स्थापना और एमपीईबी से विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता और सुरक्षा का प्रमाण पत्र प्राप्त करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता और तत्परता के साथ काम करें।

## कच्ची घानी तेल उद्योग स्थापित कर ऋषभ हुआ आत्मनिर्भर

**हरदा, देशबन्धु।** जिले के खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम चारूवा निवासी ऋषभ शर्मा ने उद्यानिकी विभाग की ''प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना'' की मदद से कच्ची घानी तेल उत्पादन का व्यवसाय शुरू किया। इस नये व्यवसाय से आय बढ़ी तो परिवार में खुशहाली आई।

ऋषभ बताता है कि उसके पिता के जमाने से परिवार में देशी तरीके से कच्ची घानी तेल निकालने का छोटा सा धंधा था, जिससे बहुत ही कम आय होती थी। जैसे तैसे महीने का खर्चा चल पाता था। एक दिन गांव के पंचायत सचिव ने ऋषभ को ''प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना'' के बारे में बताया तो उसने उद्यानिकी विभाग के कार्यालय जाकर योजना के बारे में पूछताछ की और आवेदन भी कर दिया। कुछ ही दिन में लगभग 2.50 लाख रूपये का ऋण 'प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत स्वीकृत हो गया, जिससे उसने कच्ची घानी तेल उत्पादन की दो नई यूनिट लगा ली।

ऋषभ बताता है कि उसने ऋषभ नेचुरल ऑइल नाम से कच्ची घानी तेल ब्रांड के 200 मि.ली., 500 मि.ली., 1 लीटर व 5 लीटर की पेकिंग में तेल उत्पादन शुरू किया है। हर दिन लगभग 80 लीटर तेल उत्पादन उसकी फैक्ट्री में होता है और हर साल 18 से 20 लाख रूपये का तेल वह बेच लेता है। ऋषभ ने बताया कि अपनी तेल फैक्ट्री में तीन अन्य लोगों को भी रोजगार से लगाया है। इस उद्योग की स्थापना से ऋषभ की आर्थिक हालत पहले से काफी सुधर गई है, जिससे उसका परिवार अब बहुत खुश है।

# संभाग आयुक्त ने घोड़ाकुंड व मसनगांव में नहर से सिंचाई की व्यवस्था देखी

### किसानों से चर्चा कर गांव की समस्याओं के बारे में ली जानकारी

**हरदा, देशबन्धु।** नर्मदापुरम् संभाग के आयुक्त केजी. तिवारी ने शुक्रवार को जिले के ग्राम घोड़ाकुंड व मसनगांव का दौरा कर वहाँ के किसानों से नहरों के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। संभाग आयुक्त श्री तिवारी को ग्राम घोड़ाकुंड में किसानों ने बताया कि खेतों में सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पर्याप्त पानी मिल रहा है। इस दौरान ग्राम गांग्याखेड़ी के किसान गणेश पटेल और रणवीर पटेल ने कमिश्नर श्री तिवारी को बताया कि नहर के अंतिम छोर तक के खेतों तक



पानी पहुंच गया है। सिंचाई के लिए कोई समस्या नहीं है। किसानों ने बताया कि ग्राम घोड़ाकुंड के पास ट्रांसफार्मर काफी समय से खराब है, जिस पर कमिश्नर श्री तिवारी ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को ट्रांसफार्मर तुरंत बदलवाने के लिए निर्देश दिए।

संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने ग्राम मसनगांव में नहर से सिंचाई व्यवस्था देखी। इस दौरान गांव के किसानों ने बताया कि अंतिम छोर के खेतों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहर के माध्यम से पहुंच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने मसनगांव में जल जीवन मिशन की पेयजल योजना के संबंध में कमिश्नर श्री तिवारी से शिकायत करते हुए बताया कि पेयजल योजना का काम अभी अधूरा है। पेयजल पाइपलाइन के लिए सड़क खोदी गई थी, उसे रिपेयर नहीं किया गया है, जिस पर कमिश्नर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन डीके. सिंह ने उन्हें बताया कि सभी नहरों व उप नहरों के अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक पानी पहुँच चुका है। इस दौरान संयुक्त आयुक्त जीसी. दोहर, मुख्य अभियंता जल संसाधन आरआर. मीणा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सुश्री सोनम वाजपेई सहित जल संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल, आंगनबाड़ी और अस्पताल का निरीक्षण किया

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को सिराली व रहटगांव तहसील के ग्राम जिनवानिया, मुण्डासेल, बिचपुरीमाल, भगवानपुरा, रहटगांव, बांसपानी व लोलांगरा का दौरा कर वहां के स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केन्द्र व पेयजल योजना का निरीक्षण किया। लोलांगरा के आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों ने कलेक्टर को कविता सुनाई और अंग्रेजी वर्णमाला पढ़कर बताइ, जिस पर उन्होने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती विपदा चौहान को महिला बाल विकास विभाग की आगामी बैठक में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी को दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने रहटगांव में मण्डी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिये। उन्होने मण्डी परिसर में किसानों के लिये पेयजल, टायलेट एवं बैठक व्यवस्था तथा रात्रि में प्रकाश व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये। उन्होने मण्डी परिसर में स्थित तौल कांटे को चालू कराकर नापतौल विभाग से उसकी जांच कराने के निर्देश भी दिये। श्री सिंह ने ग्राम जिनवानिया में स्कूल के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से स्कूल के परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी ली। उन्होने हायर सेकण्ड्री स्कूल के विद्यार्थियों के लिये पुस्तकालय शुरू



करने व केरियर काउंसलिंग की व्यवस्था के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम जिनवानिया में स्कूल के लिये जमीन दान देने वाले दानदाता किसान को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने के लिये कहा। उन्होने जिनवानिया में आंगनवाड़ी केन्द्र, उचित मूल्य की दुकान और उपस्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम बिचपुरीमाल में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्थाओं की जानकारी बच्चों से चर्चा कर ली। उन्होने विद्यार्थियों से दन्त शक्ति अभियान के तहत टूथ ब्रशिंग के बारे में भी पूछताछ की तथा गांव की आंगनवाड़ी में आने वाले कुपोषित बच्चों को पास के पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनवाड़ी के बच्चों को टॉफी व बिस्किट भी वितरित किये। श्री सिंह ने ग्राम मुण्डासेल में नवीन माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तथा वहां के खेल मैदान को व्यवस्थित करने के निर्देश पंचायत सचिव को दिये। उन्होने विद्यार्थियों से चर्चा कर स्कूल में मध्यान्ह भोजन, नि:शुल्क साइकिल, गणवेश व पुस्तक वितरण की जानकारी ली। उन्होने मुण्डासेल में आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के संबंध में कार्यकर्ता से जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम बांसपानी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विभागीय अधिकारियों से शिविर में प्राप्त व निराकृत आवेदनों की जानकारी ली। उन्होने जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति व जनजातीय वर्ग के युवाओं को सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये आज ही आवेदन व आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनके प्रकरण तैयार करें और उन्हें स्वरोजगार के लिये मदद दिलाएं।

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को जिला स्तर पर वन स्टाप सेंटर नर्मदापुरम् में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीताशरण शर्मा की उपस्थिति में



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में विधायक डॉ सीताशरण शर्मा के द्वारा महिलाओं के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री अभय वर्मा के द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा तथा सहायता की जानकारी दी गई। जिला कार्यकम अधिकारी श्री ललित कुमार डेहरिया द्वारा महिलाओ से सम्बंधित विभागीय योजनाओं तथा महिलाओ से सम्बंधित कानून की जानकारी दी गई। एडवोकेट श्री के के थापक द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी निशा अहिरवार ने महिला सुरक्षा तथा पुलिस सहायता की जानकारी दी। कार्यकम मे पुलिस उपनिरीक्षक (महिला उर्जा डेस्क) दीपिका लोखंडे, सहायक उपनिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) सविता गंजाम, वन स्टाप सेंटर समस्त स्टाफ, पुलिस विभाग का स्टाफ, आगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## 12 निर्माण कार्यो के लिए 20 लाख 28 हजार 212 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधायक नर्मदापुरम, सोहागपुर एवं सिवनीमालवा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा 12 निर्माण कार्यो के लिए 20 लाख 28 हजार 212 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम, डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर 2 निर्माण कार्यो के लिए कुल 1 लाख 99 हजार 924 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रमांक 2 पूर्णानंद गली में ट्यूबवेल उत्खनन के लिए 99 हजार 962 रूपये की जारी प्रशासकीय स्वीकृति में 50 हजार रूपए विधायक निधि एवं 49 हजार 962 रूपए निकाय निधि की राशि शामिल है। एवं नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रमांक 7 में रामजी बाबा समाधि के सामने ट्यूबवेल उत्खनन के लिए 99 हजार 962 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी तरह विधायक सोहागपुर, विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर 2 निर्माण कार्यो के लिए कुल 4 लाख 39 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें जनपद पंचायत के ग्राम झालसर सेठ पंचायत गुराडियामोती वि.ख. माखननगर में हुनमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरे पर छत निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये एवं जनपद पंचायत के ग्राम करनपुर में पप्पू कुशवाह के घर से जसमन ठाकुर के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य (मनरेगा सहयोजन से) के लिए 2 लाख 89 हजार रूपये की जारी प्रशासकीय स्वीकृति में 2 लाख 50 हजार रूपये विधायक निधि एवं 39 हजार रूपये मनरेगा की राशि शामिल है।

विधायक सिवनीमालवा, प्रेम शंकर वर्मा की अनुशंसा पर 8 निर्माण कार्यो के लिए कुल 13 लाख 89 हजार 288 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत बारासेल में हर्रापूरा टोला से मुख्य मार्ग की ओर सार्वजनिक सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत चंदवाड में अरुण गौर के खलियान के पास से जगदीश के घर की ओर आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 39 हजार 288 रुपए की जारी प्रशासकीय स्वीकृति में 2 लाख रूपये विधायक निधि एवं 39 हजार 288 रूपये मनरेगा राशि शामिल है। जनपद पंचायत सिवनी मालवा के ग्राम उमरिया में रामद्वार यदुवंशी के घर से चौराहे की ओर सार्वजनिक सीसी नाली निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपये, जनपद पंचायत के ग्राम रेहडा में कैलाशचन्द्र चौयल के धर से लाखराज सिंह सोडा के घर की ओर सार्वजनिक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपये, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम खरखेड़ी में पटेघाट के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख रूपये, जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत चंदवाड के मनवाड़ा, दहेडी, चंदवाड में स्ट्रीट लाइट कार्य के लिए 3 लाख रूपये, जनपद पंचायत सि.मा. के ग्राम चौकीगवां में रावनपीपल चौकीगवां रोड से अमरसिंह के टप?पर की ओर सडक निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये, एवं जनपद पंचायत सिवनी मालवा के ग्राम बराखड कला में खूटिया बाबा के पास सार्वजनिक चबूतरे पर छत निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आहार शुद्ध होगा तो हमारी बुद्धि हमें जीवन में सही दिशा में ले जाएगी : डा.गोवर्धनराम

**हरदा, देशबन्धु।** नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में विश्नोई समाज का पांच दिनी अगहन महोत्सव मनाया जा रहा है। तीसरे दिन शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे से मंदिर परिसर में हवन यज्ञ कर पर्यावरण शुद्धि के लिए आहुतियां छोड़ी गई। जाम्भाणी हरिकथा का शुभारंभ आचार्य संत डा. गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा गायन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया।



कथा का वाचन करते हुए उन्होंने कहा कि सद्गुरु जम्भेश्वर भगवान ने अपनी वाणी में कहा था कि कर्म जितना पवित्र होगा उसका फल भी उसी तरह पवित्र होगा। कथा में उपस्थित लोगों से आचार्यश्री ने कहा कि अपने आहार पर विशेष रूप से ध्यान रखें। गुजरात के उद्योगपति के पुत्र की सच्चा घटना का उल्लेख करते हुए आचार्य संत डा. गोवर्धनराम महाराज ने कहा कि अरबपति का नौजवान पुत्र पिता की संपत्ति को छोड़कर घर से केवल एक चादर ओढ़कर हिमालय की ओर निकल पड़ा। उसने अपना सुब कुछ छोड़कर प्रभुभक्ति में मन लगा लिया। और एक हम हैं तो मोह माया की ओर भाग रहे हैं। जिस तरह एक चीटी अनाज का एक दाना लेकर ऊंचाई पर चढ़ने का बार बार प्रयास करती है और गिर जाती है, लेकिन एक समय वह इस काम में सफल हो जाती है। उसी तरह हमें जीवन में एक लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए। भटकते हुए मन को दुनिया की मोह माया से दूर रहकर लक्ष्य बनाकर प्रभु भक्ति में लगाना चाहिए। मनुष्य का आहार अगर शुद्ध नहीं होगा तो मन का भटकाव होगा। जाम्भोजी ने भी अपनी पवित्र वाणी में कहा कि मानव को अपना भोजन अपने हाथ से शुद्ध तरीके से बनाना चाहिए। भोजन शुद्ध होगा तो बुद्धि सही निर्णय देगी। मानव शुद्ध भोजन करेगा तो जीवन में वह कभी कोई गलत काम कर रही नहीं सकता।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम आज** - मध्यक्षेक्ष विश्नोई सभा के सचिव पूनमचंद्र पवार ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें समाज के 10 वर्ष के बच्चों के लिए मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इसी दिन शाम 6 बजे से मंदिर से भगवान जम्भेश्वर की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों होती हुई पुन- मंदिर में समाप्त होगी। रात 9 बजे से मंदिर में रात्रि जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

# अभिमत

*जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।*

## प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

> **जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।**

छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले में कमार आदिवासियों की आबादी है। कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के अंतर्गत आते हैं। ये आदिम जनजातियों में से एक हैं। इनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रकृति के करीब है। कमारों की आजीविका बांस के बर्तन बनाकर बेचने और जंगल से भी जुड़ी से है। हाल के कुछ वर्षों से कमार खेती की ओर भी मुड़े हैं। इस कॉलम में सुदूर जंगल के गांवों में कमार आदिवासियों के जीवन में झांकने की कोशिश है, जिससे उनका प्रकृति से जुड़ाव को समझा जा सके।

मैंने हाल ही में इस इलाके का दौरा किया था। मुझे प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के कोमलराम साहू ने गरियाबंद के कुछ गांव के लोगों से मिलवाया था और जंगल दिखाया था। जंगल में हवा की खुशबू थी। गर्म लू के थपेड़ों की बजाय हवा में कुछ नमी थी। एक ओर चिड़ियों की आवाज आ रही थी और दूसरी ओर पैरी नदी कल-कल बह रही थी, उसकी आवाज आ रही थी। हवा की ताजगी, पेड़ों की चमकीली पत्तियां, कीट-पतंगों की भिनभिनाहट और पानी की झिलमिलाहट मुझे खींच रही थी।

यह बहुत ही खूबसूरत इलाका है। यहां राजिम में त्रिवेणी संगम है। जलप्रपात और जतमई माता का मंदिर है। महानदी और पैरी नदी है। इसी प्रकार, यहां सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिलती है।

राजिम स्थित प्रेरक स्वयंसेवी संस्था इस इलाके में लंबे समय से काम कर रही है। देसी बीजों की जैविक खेती, शिक्षा, बुजुर्गों के लिए आश्रम, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से ग्रस्त युवाओं के लिए केन्द्र इत्यादि। पिछले कुछ वर्षों से वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वनाधिकार के लिए लोगों को जागरूक करने से लेकर वन प्रबंधन, पौधारोपण, जल संरक्षण कई कामों में संस्था सहयोग कर रही है।

यहां के आमझर गांव के ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो हम जंगल की रखवाली व देखभाल लम्बे समय से करते आ रहे हैं, पर इसे व्यवस्थित रूप से दो-तीन सालों से कर रहे हैं। जब से वन अधिकार कानून के तहत् वन संसाधन का अधिकार मिला है, उसके बाद वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

गांव की महिलाओं ने बताया कि बांस से खुमरी, मोरा, टुकना, झिंझरी, सूप, चांप, झाड़ू और चटाई बनाते हैं, जिन्हें बेचकर पेट पालते हैं। जंगल से बहुत सारी खान-पान की चीजें मिलती हैं, जैसे फल, फूल, हरी पत्तेदार भाजियां इत्यादि। फुटू ( मशरूम) भी कई तरह के मिलते हैं, जैसे भिमोरी फुटू, भदेली फुटू, पैरा फुटू इत्यादि।

इसी प्रकार, कई प्रकार की भाजियां मिलती हैं- जैसे चरौटा भाजी, अमटी भाजी, कोलियारी भाजी इत्यादि। फलों में तेंदू, चार, आम, कुसुम, मोकाई और भिलवां मिलते हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव के जंगल में पिछले साल आग नहीं लगी, क्योंकि गांव के लोग बारी-बारी से इसकी रखवाली करते हैं। जबकि आसपड़ोस के जंगल में आग लगी है, उनके जंगल में नहीं लगी। जंगल में आग लगना आम बात है। इसका मुख्य कारण महुआ संग्रह के लिए पेड़ के नीचे कचरा व पत्तों में आग लगना है। इसके कारण आग फैल जाती है। चरवाहे व राहगीरों के माध्यम से आग लग जाती है। जंगल में आग की वजह से छोटी-मोटी झाड़ियां, फलदार पेड़ और कंद-मूल इत्यादि जलकर नष्ट हो जाते हैं।

वे आगे बताते हैं कि महुआ बीनने से पहले गांव में बैठक हुई थी, उसमें तय हुआ कि कुछ जगह छोड़कर आग लगाएं। इसके लिए पतझड़ में जो पत्ते झड़ते हैं, उन्हें अलग करके रखते हैं, जिससे आग न लगे। इसके साथ ही, जंगल की सीमा में एक गड्ढा बनाया गया है, ताकि आग से जंगल को बचाया जा सके। आग से जलने वाली चीजों के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

वे बतलाते हैं कि वे सुबह से शाम तक जंगल की रखवाली करते हैं। अगर कोई व्यक्ति जंगल में मिलता है तो उसे हिदायत देते हैं कि जंगल में आग मत लगाना। जंगल में आग लगने से खेतों की नमी खत्म हो जाती है। इतना ही नहीं, तरह-तरह के कीट-पतंगें, सांप, मेढ़क और पक्षी, यह सब भी इस आग से जलकर मर जाते हैं। इनमें से कई खेती में उपयोगी हैं।

गांव की वन प्रबंधन समिति ने जंगल की सुरक्षा के लिए नियमावली बनाई गई है, जिससे जंगल को किसी प्रकार नुकसान न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। गीली लकड़ी न काटें। अगर गांव के बाहर से कोई व्यक्ति जंगल आता है तो उसे लकड़ी ले जाने के लिए मना करते हैं। बकरी व मवेशियों को भी जंगल में ले जाने से मना करते हैं, जिससे छोटे पौधों को नुकसान न हो।

इसी वर्ष राजस्थान के भेड़ चराने वालों को गांववालों ने जंगल में भेड़ चराने से रोका था, क्योंकि छोटे पौधों को इससे नुकसान होता है। गांव के मवेशियों के लिए एक ही जगह चराई हो, जिससे छोटे पेड़ पौधों को नुकसान न हो। इसके साथ ही दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को काटने पर रोक है।

वे आगे बताते हैं जलाने के लिए सूखी लकड़ी ही लाएंगे, जहां जंगल में पेड़ कम हैं, वहां पौधारोपण करेंगे, जंगल की कटाई नहीं हो, वनोपज सबको मिले, यह सुनिश्चित करेंगे, मशरूम के लिए किसी के लिए रोक-टोक नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को नया मकान बनाना है या मरम्मत करना है तो लकड़ी के लिए ग्रामसभा की अनुमति लेनी होगी।

एक ग्रामीण ने बताया कि यहां घने जंगल होने के कारण जमीन में नमी होती है जो खेती के लिए बहुत अच्छी होती है। पेड़ की शाखाएं जैसे- कर्रा, हर्रा, तेंदू और चार से पानी होकर खेतों में जाता है, वह मिट्टी को बहुत उपजाऊ बनाता है। जंगली चूहा खेतों में बिल बनाकर रहता था, जिससे खेतों की जुताई हो जाती थी, चिड़िया भी कीटनाशक का काम करती हैं, इनके कम होने से फसलों में कीट ज्यादा लगते हैं।

गांव वालों ने बताया कि अगर जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।

कुल मिलाकर, यहां के ग्रामीण अपने गांव के आसपास का जंगल, चारागाह, वन, जलस्रोत सुधार कर गांव के दीर्घकालीन विकास व गांव के पर्यावरण की रक्षा की संभावनाओं को निरंतर बढ़ा रहे हैं। कमार आदिवासियों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## बीता सप्ताह

**23 नवंबर**

- बस्तर छत्तीसगढ़ के सुकमा ग्राम में जवानों और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए।
- सेनेगल के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी 'पास्तेफ' को तीन चौथाई बहुमत प्राप्त हुआ।
- चीन के समानव चंद्रयान मिशन में प्रारंभिक मॉडल अनुसंधान में प्रवेश किया।
- नाइजीरिया, ब्राजील व गुयाना प्रवास के दौरान पीएम मोदी ने 31 नेताओं के साथ मुलाकात की।

**24 नवंबर**

- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए की महायुति की जीत हुई।
- झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने बहुमत हासिल किया।
- मणिपुर में हिंसात्मक घटनाओं के बाद लगे इंटरनेट प्रतिबंध को हटा लिया गया।
- अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने रिश्वत मामले में उद्योगपति गौतम अडानी एवं उनके भतीजे सागर अडानी को तलब किया।

**25 नवंबर**

- उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच हिंसक घटना में 5 लोगों की मौत हो गई।
- विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल मैच के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।
- राष्ट्रपति चुनाव के लिए रोमानिया में मतदान हुआ।
- आरबीआई के डिप्टी गर्वनर देबव्रत पात्रा ने ने कहा डिजिटल पेमेंट में कार्ड लीडर बन रहा भारत।

**26 नवंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सुनवाई में कहा संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं हटाया जाएगा।
- पर्थ टेस्ट में भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया।
- आदित्य ठाकरे शिवसेना यूबीटी के विधायक दल के नेता बनाए गए।
- अफगानिस्तान में एक यात्री वाहन कोकचा नदी में गिर जाने छः लोगों की मौत हो गई।

**27 नवंबर**

- पूरे देश में 28 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को पवित्र ग्रंथ है कहा।
- किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल को पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल से बाहर करने को उनकी पार्टी पीटीआई तहरीक ए इंसाफ द्वारा उग्र प्रदर्शन के दौरान 6 जवानों की मौत हो गई।
- जापान के तनेगाशिया अंतरिक्ष केन्द्र में रॉकेट परीक्षण के दौरान आग लग गई।

**28 नवम्बर**

- अजमेर की विश्वप्रसिछ ख्वाजा मोईनुद्दी चिश्ती की दरगाह के सर्वेक्षण को लेकर अजमेर कोर्ट ने अजमेर शरीफ को शिव मंदिर बताने वाली याचिका मंजूर कर ली है।
- इजराइल लेबनान के साथ 60दिन युद्धविराम पर सहमत हो गया है। यह समझौता 27 नवम्बर की आधीरात से लागू हो गया।
- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को भ्रष्टाचार मामले में उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया।
- नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूतिया को सिलेक्श ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सेंपल देने से इंकार करने पर 4 साल के लिए निलंबित कर दिया।

**29 नवम्बर**

- झारखंड में हेमंत सोरेन ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट से सांसद बनने पर लोकसभा सदस्यता की शपथ ली।
- बसर्लिोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।
- आस्ट्रेलिया संसद में बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक लगाने वाला विधेयक पारित हुआ।

## अब सर्वोच्च न्यायालय पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा करे

■ पी सुधीर

उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई घटनाएं, जिसमें पांच युवा मुस्लिम पुरुषों की मौत हो गयी, संसद द्वारा अधिनियमित पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के महत्व को रेखांकित करती है। यह कानून देश की आजादी 15 अगस्त 1947 को पूजा स्थलों की स्थिति के अलग 'किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण' (धारा 3) को प्रतिबंधित करता है और उस समय की स्थिति के अनुरूप 'किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बनाये रखने का प्रावधान करता है (धारा 4)। कोई भी व्यक्ति 'किसी भी धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी भी वर्ग के पूजा स्थल को उसी धार्मिक संप्रदाय के किसी अन्य वर्ग या किसी अन्य धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल में परिवर्तित नहीं कर सकता'। ध्यान रहे कि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया था।

> **संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है- वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।**

2019 में अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ के फैसले ने भी पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को दोहराया था और कहा था कि मौजूदा धार्मिक स्थलों के खिलाफ कोई दावा कानून द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी। जिला अदालत में दायर एक याचिका में कहा गया है कि मस्जिद को एक ध्वस्त मंदिर के खंडहर पर बनाया गया था। भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति देते हुए कहा कि 1991 के अधिनियम के तहत किसी धार्मिक स्थल की प्रकृति का पता लगाना वर्जित नहीं है। बाद में न्यायालय ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता केवल 15 अगस्त, 1947 को स्थान की स्थिति का पता लगाने की मांग कर रहे हैं, न कि अधिनियम के अनुसार स्थान की प्रकृति को बदलने या परिवर्तित करने की।

इस भयावह निर्णय से, हिंदू संप्रदायवादियों के लिए विभिन्न स्थानों पर कानूनी विवाद खड़ा करने के लिए बाढ़ के द्वार खुल गये, जहां मस्जिदें मौजूद हैं। ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण की मांग के बाद मथुरा में ईदगाह में इसी तरह का मामला सामने आया और जिला अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। इसके बाद संभल का मामला आया। 19 नवंबर को जिला अदालत ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दायर एक आवेदन के आधार पर 1526 में निर्मित मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण की अनुमति दी, जिन्होंने पहले मथुरा और वाराणसी की जिला अदालत में याचिकाएं दायर की थीं। इस तथ्य के बावजूद कि मस्जिद एक संरक्षित स्मारक है, आवेदन को तुरंत स्वीकार कर लिया गया।

आश्चर्यजनक तत्परता के साथ, अदालत ने एक अधिवक्ता आयोग का गठन किया और उसी दिन सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। सर्वेक्षण रिपोर्ट 29 नवंबर को प्रस्तुत की जानी थी। मस्जिद समिति को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया। मस्जिद समिति के पूर्ण सहयोग से सर्वेक्षण किया गया। हालांकि, 24 नवंबर को सर्वेक्षण दल मस्जिद में एक और सर्वेक्षण करने पहुंचा। इस बार उनके साथ न केवल पुलिस थी, बल्कि बड़ी संख्या में लोग 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। मुसलमानों की भीड़ जमा हो गयी और कुछ ही देर बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी, पत्थरबाजी, लाठी चार्ज, आंसू गैस और गोलीबारी शुरू हो गयी। तीन युवा मुस्लिम युवकों की गोली लगने से मौत हो गई और बाद में दो और घायल हो गए।

स्थानीय समाजवादी पार्टी के सांसद और समाजवादी पार्टी के विधायक के बेटे पर पुलिस द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर में दंगा और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ शासन में किसी भी बहाने से मुसलमानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया जा रहा है। कुछ सप्ताह पहले बहराइच में हुई सांप्रदायिक हिंसा के कारण मुस्लिम समुदाय के खिलाफ राज्य का दमन हुआ और बड़ी संख्या में मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया। हिंदूवादी संगठन कानूनी तरीके से विवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मस्जिदों को निशाना बना रहे हैं।

संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है - वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।

सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि यह सब खुद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में संभव हुआ, जिसने उसी कानून की अवहेलना की जिसका पालन करने का आदेश पहले सभी को दिया था। अगर इस विनाशकारी रास्ते को पलटना है, तो सुप्रीम कोर्ट को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और पूजा स्थल अधिनियम की पवित्रता को बनाये रखना चाहिए, जो 15 अगस्त, 1947 के बाद पूजा स्थल के बारे में कोई भी कानूनी विवाद उठाने की अनुमति नहीं देता है।

## भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं

■ डॉ.पार्वती वासुदेवन व डॉ. ए वासुदेवन

नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर गए थे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने नाइजीरिया के साथ भारत की 'रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाया है। नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे तेजी से बढ़ती और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

अगर 21वीं सदी वास्तव में वैश्विक दक्षिण से संबंधित है तो भारत और नाइजीरिया के बीच संबंधों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, कच्चे तेल और सैन्य प्रशिक्षण के चश्मे से परे देखा जाना चाहिए। इन संबंधों में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन ने उच्च तालिका में स्थायी स्थान के साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का स्वागत किया।

भारत और नाइजीरिया के पास मानव गतिविधियों के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है। नाइजीरिया इस समय अफ्रीका में तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है जो और आगे बढ़ना चाहता है। अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति हुई है। उदाहरण के लिए डांगोट रिफाइनरियों के आगमन के कारण पेट्रोलियम वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार नाइजीरिया के साथ भारत और बाकी दुनिया के साथ इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति अनिवार्य रूप से एकदम बदल जाएगी। यह कायापलट किसी सीमा तक उन विचारों द्वारा निर्देशित होगी जो अमेरिका में नए ट्रम्प प्रशासन की विशेषता होगी।

> **नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है।**

भारतीय नजरिए से देखें तो मध्य पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस संघर्ष और अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ चीनी कूटनीति के अनिश्चित आयामों के कारण दुनिया की भू-राजनीति पर असर की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ नए संबंधों बनाने के लिए भारत विवश हुआ है।

नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है। देश में वैज्ञानिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के बहुत मौके हैं। इसके पास जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर कौशल, आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक सुधार, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र आतंकवादी समूहों- मुख्य रूप से बोको हरम की हिंसा पर लगाम लगाने के अवसर हैं।

फिर भी नाइजीरिया की प्रगति में एक और बाधा का वहां का कमजोर राजनीतिक और आर्थिक शासन है जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। न्याय व्यवस्था भी अन्य संस्थानों की तरह शक्तिशाली अभिजात वर्ग की कैद में हैं। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले दस वर्षों में नाइजीरिया के आर्थिक संकेतकों में उच्च मुद्रास्फीति दर, कम वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार के अपेक्षाकृत अल्प भंडार का बोलबाला है। इस वक्त वार्षिक मुद्रास्फीति 30 प्रति सैकड़ा से अधिक, वार्षिक वृद्धि लगभग 3 प्रश और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर है। विदेशी मुद्रा बाजार दर 1660 नायरा प्रति 1 अमेरिकी डॉलर से अधिक की होने के कारण आर्थिक विविधीकरण और नाइजीरिया की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल और इनपुट के आयात के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं देती है।

इसके बावजूद जैसा कि ईंधन सब्सिडी के उन्मूलन से स्पष्ट है कि वर्तमान प्रशासन यह उम्मीद दिलाता है कि प्रतिबद्धता हो तो विरोध के बाद भी सुधार किए जा सकते हैं। बैंकों के दबदबे वाला वित्तीय क्षेत्र पहले से बेहतर स्थिति में है। यह नई तकनीकों को अपना सकता है तथा साइबर धोखाधड़ी और हमलों को दूर करने के लिए निश्चित उपायों के साथ भुगतान के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

भारत ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक रिकॉर्ड बनाया है और 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। करीब 4 फीसदी दर के साथ मध्यम अवधि में मुद्रास्फीति के सालाना 7-8 प्रश की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। नई प्रौद्योगिकियां बहुत विकसित हैं और मध्यम से दीर्घकालिक अवधि के भीतर पूरे आर्थिक स्थान पर कब्जा कर लेंगी। तो भी इस स्थिति पर पहुंचने में कच्चे माल और ऊर्जा आपूर्ति की कमी महत्वपूर्ण बाधा है।

इस पृष्ठभूमि पर प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और नाइजीरिया के संबंधों को आगे बढ़ा रही है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि दोनों देशों को सुधारों व आर्थिक सुशासन की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्हें आर्थिक बहिष्कार को खत्म करने, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने तथा आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी निवेश करना होगा।

दोनों देशों के बीच सहयोग कुछ मुद्दों पर आधारित है जिन्हें अबुजा में भारत और नाइजीरिया की सरकारों के प्रमुखों की बैठक में उठाया गया था। उनमें से मध्यम अवधि में ऊर्जा की आपूर्ति है। इसका मतलब यह है कि जब तक नाइजीरिया पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो जाता तब तक उसे भारत से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर रहना होगा जबकि भारत अपनी बढ़ती तेल मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का आयात कर सकता है।

दोनों देशों को चिप्स और सेमी-कंडक्टर के वर्चस्व वाले नए तकनीकी विश्व में विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने की आवश्यकता है। नाइजीरिया में मिले भूगर्भीय खोजों की जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं होती और यहीं भारत के सहयोग पर नाइजीरिया निर्भर रह सकता है।

नाइजीरिया में इस्पात और बसों, मेट्रो व इंटरसिटी रेलवे सहित सार्वजनिक परिवहन जैसे बुनियादी ढांचे वाले कुछ महत्वपूर्ण उद्योग ज्यादा सक्रिय तथा विकसित नहीं हैं। इन क्षेत्रों में श्रम सुधार, भ्रष्टाचार के रिसाव व लूटमार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त पेशेवर प्रतिबद्धता मजबूत करने की भी आवश्यकता है।

इन क्षेत्रों में सहयोग संधि में कुछ गारंटी खंडों को प्रभावी कर भारत पर नाइजीरिया निर्भर हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्टील और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में नाइजीरिया का अनुभव काफी निराशाजनक रहा है। दोनों देशों के बीच साझेदारी में रक्षा, सैन्य हथियार और प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से बने हुए हैं। फिर भी, आपसी विश्वास के आधार पर सार्थक सहयोग में सुधार के लिए दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाना होगा।

*( पार्वती वासुदेवन मुंबई विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर थीं। ए वासुदेवन आरबीआई के कार्यकारी निदेशक और सेंट्रल बैंक ऑफ नाइजीरिया के गवर्नर के विशेष सलाहकार थे। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )*

# खेल जगत

## मैकस्वीनी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं : रेयान

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट में अच्छी तरह से तैयार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन किया है। हालांकि, पर्थ टेस्ट में यह बल्लेबाज डेब्यू के दौरान संघर्ष करते नजर आया। अपने डेब्यू टेस्ट में मैकस्वीनी को जसप्रीत बुमराह ने दो बार एलबीडब्ल्यू आउट किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया को पर्थ स्टेडियम में भारत के हाथों 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा और अब वह पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-0 से पीछे है। हैरिस ने एसईएन रेडियो से कहा कि फिलहाल, मुझे लगता है कि वह इसके लिए सबसे अच्छा व्यक्ति है, लेकिन सभी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करना और ओपनिंग करना थोड़ा अलग है, लेकिन ऐसा नहीं है। नाथन ऐसा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



# शमशेर व व्हीटन एचआईएल में होंगे एसजी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के सह कप्तान

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले लगातार दो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य शमशेर सिंह और ऑस्ट्रेलिया के तीन बार के ओलंपियन जैकब व्हीटन को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी पुरुष

■ **शमशेर के दो गोल से सीआरपीएफ ने नामधारी को हराया**

टीम के दो सह कप्तान नियुक्त किए हैं। वहीं भारत की उपकप्तान नवनीत कौर को पहली बार हो रही चार टीमों महिला हॉकी इंडिया लीग के लिए नवनीत कौर को दिल्ली एस जी पाइपर्स ने अपनी महिला हॉकी टीम की कप्तान नियुक्त किया है जा बकि बेल्जियम की डिफेंडर एमा पुवरेज उप कप्तान होंगी।

**शमशेर के साथ सह कप्तान बन गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं : व्हीटन**

दिल्ली एस जी पाइपर्स का सह कप्तान नियुक्त किए जाने पर 2020 के टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक 2014 की विश्व कप विजेता, तथा दो बार बार चैंपियंस ट्रॉफी और दो बाद बार एफआईएच प्रो लीग खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे जैकब व्हीटन ने कहा, 'मैं शमशेर सिंह के साथ आगामी एचआईएल के लिए दिल्ली एस जी पाइपर्स की पुरुष टीम का सह कप्तान नियुक्त किया बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।एचआईएल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने का शानदार मौका है। मैं अपनी इस नई फ्रेंचाइजी के साथियों और सह कप्तान के साथ मिलकर खेलने का बेताबी से इंतजार कर रहा हूं।'







### व्हीटन और शमशेर हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी : श्रीजेश

दिल्ली एसजी पाइपर्स के हॉकी निदेशक भारत के पूर्व गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने एचआईएल में अपनी टीम के सह कप्तानों की नियुक्ति की बाबत कहा, 'टीम में दोहरी कप्तानी का कारण घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को एक सी तवज्जो देना है और इस तरह की बराबरी टीम को एक मजबूत कड़ी के रूप में पिरोती है। व्हीटन ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठतम हॉकी खिलाड़ियों में से एक हैं और पर्याप्त अनुभवी और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में कप्तान के रूप में वह हमारी सही पसंद है। शमशेर भारत के दो ओलंपिक पदक जीतने वाले गिने चुने खिलाड़ियों में एक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि शमशेर ऑस्ट्रेलिया के व्हीटन के साथ कप्तानी की जिम्मेदारी बांट कर नेतृत्व क्षमता बेहतर करेंगे। व्हीटन और शमशेर दोनों हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी हैं।

### नवनीत कौर पूरी शिद्दत से बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं : डेव

'दिल्ली एसजी पाइपर्स की महिला हॉकी टीम के हेड कोच डेव समोलनर्ज ने कहा, 'नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की एक अहम खिलाड़ी हैं। मैंने बीते कई महीने में यह अनुभव किया है कि वह अपनी साथी खिलाड़ियों से अपनी बात पहुंचाने में सफल रही हैं। साथ ही वह साथी खिलाड़ियों के साथ बहुत सहज हैं और विजेता हैं और मैदान हमेशा पूरी शिद्दत से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं। भारतीय हॉकी को विकसित करने के लिए आपको भारतीय कप्तान चाहिए।

**शमशेर गजब के हॉकी कौशल और अनुभव के कारण सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद : रीड**

दिल्ली एस जी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच ग्राहम रीड ने कहा, ' शमशेर अपने गजब के हॉकी कौशल और विश्व हॉकी के लंबे अनुभव के कारण पुरुष टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। मैं खुशकिस्मत था कि जब मैं भारतीय पुरुष हॉकी टीम का चीफ कोच था तो तब 2019 में शमशेर को भारतीय राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया था और अपने धैर्य और आत्मविश्वास के कारण हमारी टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। शमशेर अपनी नेतृत्व क्षमता उन्हें असाधारण खिलाड़ी बनाती है। दो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता शमशेर का अनुभवी उन्हें टीम के साथियों से जोड़ने के साथ उनके प्रदर्शन को बेहतर करेगा। बेशक शमशेर का उत्साह और संकल्प इस एचआईएल में हमारी टीम को बेहतरीन प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। मुझे व्हीटन में एक आदर्श कप्तान के सभी गुण दिखाई देते हैं। व्हीटन काओलंपिक रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम का सदस्य होने का उनका अनुभव उन्हें खुद बेहतरीन प्रदर्शन करनेके साथ अपने साथियों को बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। व्हीटन का टीम में सकारात्मक माहौल बनाए रखना हमें बेशक चुनौतियों से उबार कर आगे ले जाने में सहायक बनेगा।

# भारतीय जू.टीम ने जापान जू. टीम को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सीनियर टीम के खेल चुके ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंडल द्वारा दागे निर्णायक और मैच के आखिरी गोल की बदौलत भारत ने जापान को मस्कट (ओमान) में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप पूल ए में कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से हरा कर बृहस्पतिवार रात 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपने अभियान का आगाज

■ **भारत ने अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 11-0 बड़ी जीत के साथ किया**

थाईलैंड पर 11 -0 बड़ी जीत के साथ किया किया। भारत ने थोकचम किंगसन सिंह (12) और रोहित (36) के गोल से दो बार बढ़त ली लेकिन नियो सातो द्वारा दो गोल कर जापान को दो बार बराबरी दिला दी।

अरिजित हुंडल ने तीसरे क्वॉर्टर के नौवें मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कार भारत को 3-2 से आगे कर दिया और उनका यह गोल निर्णायक और विजयदाई साबित हुआ। भारत और जापान की जूनियर टीमों के बीच शुरू से जोरदार संघर्ष देखने को मिला। जापान की जूनियर टीम ने तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन गोलरक्षक बिक्रमजीत सिंह ने मुस्तैदी दिखा रोक भारतीय जूनियर टीम पर खतरा टाल दिया। जापान की जूनियर टीम ने दोनो से छोर से हमले बोलने की कोशिश की लेकिन भारत की जूनियर टीम ने हॉकी की कलाकारी के साथ लंबे एरियल बॉल से उसके ही गोल के सामने गेंद ले उसकी गोल करने की रणनीति विफल कर दी । दोनों टीमों का गेंद पर कब्जा लगभग बराबर रहा। दिलराज सिंह ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से तीन पहले पेनल्टी कॉर्नर दिलाया और



इस पर जापानी गोलरक्षक के पैड को लग कर झिटकी गेंद को किंगसन सिंह ने संभाल गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला। नियो सातो ने पहला क्वॉर्टर खत्म से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक कर जापान की जूनियर टीम को एक एक की बराबरी दिलादी। दूसरे क्वॉर्टर के शुरुआती मिनट में भारत की जूनियर टीम केमनमीत सिंह ने दो बार जापान के गोल के तेज हमले बोले लेकिन जापानकी जूनियर टीम के गाशलरक्षक किशु ने अच्छा पूर्वानुमान लगाकर उनके ये हमले नाकाम कर दिया। जापान की जूनियर टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत के गोलरक्षक बिक्रमजीत ने अच्छे बचाव किए,।

## सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के लिए वर्ष 2018-19 में खेलने वाले तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कौल विदेश में खेलने का खुलासा करते हुए से कहा कि मुझे लगता है कि मेरे अंदर अभी भी 3-4 साल का क्रिकेट बचा है। मैं अपने करियर की ऊंचाई पर छोड़ना चाहता था, जब मेरी फिटनेस और प्रदर्शन शीर्ष पर थे, ऐसे नहीं कि जब फिटनेस के कारण या प्रदर्शन नहीं करने की वजह से मुझे जाना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर आप मेरा 9-10 सालों का ग्राफ देखेंगे तो, मैंने सभी प्रारूपों में अच्छा किया है। तो मुझे लगता था कि यह छोड़ने का सही समय था। उम्मीद है मैं आगे बढ़ूंगा जो भी मौक़ा मिले चाहे काउंटी क्रिकेट (इन गर्मियों में वह नॉर्थैंप्टनशायर के लिए तीन डिवीजन 2 चैंपियनशिप मैच खेले, जहां उन्होंने 29.84 की औसत से 13 विकेट लिए), हो या लीजेंड लीग हो, एमएलसी हो या और कुछ भी। अगर मुझे अवसर मिलता है तो मैं यहां खेलना चाहता हूं। कौल ने भारत के लिए जून 2018 से फरवरी 2019 के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने वर्ष 2023-24 सत्र में पंजाब को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने में मदद की थी।

# भारतीय हॉकी का ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का दौर फिर लौटे : अभिषेक

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 25 बरस के अभिषेक नैन का दिल्ली से एकदम सटे सोनीपत जैसे छोटे शहर से आकर अपनी रफ्तार और खासतौर पर डी के भीतर अचूक

■ **मेरी ताकत रफ्तार व डी के भीतर सही फैसला ले निशाने लगा गोल करना**

■ **मैं ऑस्ट्रेलिया के टॉम क्रेग की तरह बनना चाहता हूं, मनदीप का मुरीद हूं**

निशानेबाजी से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर के रूप में पहचान बनाने का सफर खासा रोचक और उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उनकी गिनती अब भारत ही नहीं दुनिया के ऐसे चतुर व कुशल हॉकी स्ट्राइकर के रूप में होती है जो खुद गोल के मौके बनाने के साथ नए जमाने जरूरी प्रमुख पेनल्टी कॉर्नर बनाना



भी खूब जानते हैं। देश की आजादी के दिन यानी 15 अगस्त को 1999 में जन्मे नैन ने खुद को करीब एक दशक से भी ज्यादा भारत के प्रमुख स्ट्राइकर रहे आकाशदीप सिंह का सही विकल्प साबित कर अपने साथी सुखजीत सिंह के साथ पहले ग्राहम रीड और अब क्रेग फुल्टन सरीखे देश के चीफ हॉकी कोच का विश्वास जीता है। विशेष पुलिस फोर्स में रहे सत्यनारायण नैन और सूरत देवी के बेटे और हिंदी अध्यायक और जुनूनी हॉकी कोच शमशेर सिंह दहिया के शार्गिद अभिषेक बतौर स्ट्राइकर भारत को 2022 के एशियाई खेलों और 2024 की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण और 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांसा जिता कर देश और दुनिया के हॉकी प्रेमियों का दिल चुके हैं। सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 की नीलामी में सूरमा हॉकी क्लब पंजाब के भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह (78 लाख रुपए) के बाद अभिषेक नैन (72 लाख रुपए) श्राची बंगाल टाइगर्स द्वारा खरीदे दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। प्रस्तुत है अभिषेक के साथ अब तक हॉकी सफर और भारत के लिए भविष्य के उनके लक्ष्यों पर उनसे की खास बात। अभिषेक नैन अपने शुरुआती दिनों से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर तक के सफर की चर्चा करते हुए अतीत में खो जाते हैं। वह बताते हैं, 'अपने स्कूल छोटू राम जमींदार (सीआरजेड), सोनीपत में अपने साथी 'लकी' को हॉकी खेलता देख हॉकी खेलना शुरू किया और वह अपने नाम के मुताबिक मेरे लिए बहुत 'लकी' साबित हुए।

## हॉकी इंडिया ने किया आधिकारिक मोबाइल ऐप लॉन्च

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस ऐप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह ऐप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आँकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने ऐप को लेकर कहा कि आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग ऐप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है।

## हालैंड, एमबाप्पे, बेलिंगहैम फीफा पुरुष पुरस्कार के लिए नामांकितों में शामिल

**ज्यूरिख,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड, रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी श्रेणी में नामांकितों में शामिल हैं, क्योंकि फीफा ने सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2024 के लिए नामांकितों की शॉर्टलिस्ट की घोषणा की है, जो क्लब और राष्ट्रीय-टीम दोनों स्तरों पर महिला और पुरुष फुटबॉल के एक और रोमांचक वर्ष में अग्रणी खिलाड़ियों को पहचान देगा। हालैंड, एमबाप्पे और बेलिंगहैम के अलावा, अन्य नामांकित व्यक्ति हैं: दानी कार्वाजल, रियल मैड्रिड, फेडेरिको वाल्वरडे, रियल मैड्रिड, फ्लोरियन विर्ट्ज़, बेयर लीवरकुसेन, पेरिस सेंट-जर्मेन/रियल मैड्रिड, लैमिन यामल (स्पेन), बार्सिलोना, लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), इंटर मियामी, रोड्री (स्पेन), मैनचेस्टर सिटी, टोनी क्रूस (जर्मनी), रियल मैड्रिड और विनीसियस जूनियर (ब्राजील), रियल मैड्रिड पुरस्कार की कई श्रेणियां हैं-सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर। विजेता का फैसला प्रशंसकों, सभी महिला/पुरुष राष्ट्रीय टीमों के मौजूदा कप्तानों और कोचों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच समान रूप से पारित होकर किया जाएगा।




## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले 'केसीसी फाइटनाइट' की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

# फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे

**एडिलेड,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जैस्मीन पाओलिनी उन सितारों में शामिल हैं जो एटीपी 250 इवेंट एडिलेड इंटरनेशनल



में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, क्योंकि टूर्नामेंट निदेशक एलिसिया मोलिक 6 से 11 जनवरी 2025 तक द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुष्टि किए गए खिलाड़ियों की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। फेलिक्स (पूर्व विश्व नंबर 6) और डब्ल्यूटीए की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली दो खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी, एम्मा नवारो, साथ ही विश्व नंबर 13 डायना श्नाइडर अगले साल की शुरुआत में एडिलेड में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये खिलाड़ी अपने गृहनगर के पसंदीदा और 2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, दुनिया के 12वें नंबर के टॉमी पॉल, दुनिया के 22वें नंबर के सेबेस्टियन कोर्डा और शीर्ष-10 सितारों जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ शामिल होंगे -क्रेजिकोवा मौजूदा विंबलडन चैंपियन हैं। मोलिक ने कहा कि अब तक हमने जिन प्रतिभाओं की पुष्टि की है, वे असाधारण हैं और हमें विश्वास है कि प्रशंसकों को कुछ शानदार मैच देखने को मिलेंगे। इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी कोर्ट में कुछ अनूठा लेकर आता है, और हम उन्हें द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

# शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे : अभिषेक नायर


**कैनबरा,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आगाज से पहले शुभमन गिल का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका था। लेकिन सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले इस युवा बल्लेबाजी की वापसी के संकेत से भारतीय खेमे में खुशी का माहौल है। टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि शुभमन गिल शनिवार से मनुका ओवल में प्राइममिनिस्टर्स इलेवन के खिलाफ शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे। यह मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। गिल वाका ग्राउंड पर मैच से पहले अभ्यास सत्र में बाएं अंगूठे में लगी चोट के कारण पर्थ में खेले गए पहले मैच से बाहर हो गए थे। भारत ने यह मैच 295 रन से जीता था। नायर ने भारत के



अभ्यास सत्र के दौरान संवाददाताओं से कहा कि वह अभी बल्लेबाजी कर रहे हैं और काफी सहज नजर आ रहे हैं। हमारे फिजियो उनकी चोट का पूरी तरह से मूल्यांकन करेंगे और उसके बाद मुझे उनकी स्थिति का पता चलेगा। लेकिन मैंने जो देखा है, उससे लगता है कि वह बल्लेबाजी करते हुए सहज हैं। ऐसा लग रहा है कि वह मैच में बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल और रोहित शर्मा की वापसी से चयन के लिए भारत को किन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, इस सवाल पर नायर ने कहा कि यह थोड़ी परेशानी का सबब जरूर है लेकिन यह हमारी परेशानी नहीं है क्योंकि मुख्य खिलाड़ियों की वापसी से टीम और अधिक मजबूत होगी। ऐसी स्थिति में होना हमेशा अच्छा होता है, जहां आपके दो शीर्ष खिलाड़ी वापस आएं। इससे बहुत आत्मविश्वास बढ़ता है। उनका (रोहित और गिल का) वापस आना अच्छा है। टीम जोश से भरी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा यह समझते हैं कि पर्थ में उन्हें प्लेइंग-11 में क्यों नहीं चुना गया। सहायक कोच ने कहा कि जब आपके पास जडेजा और अश्विन जैसे सीनियर होते हैं, जो समझते हैं कि टीम क्या करने की कोशिश कर रही है, तो टीम-फर्स्ट की नीति के कारण यह बहुत आसान हो जाता है। इस टीम की संस्कृति यह है कि हर कोई चाहता है कि 'टीम इंडिया' जीते। गुलाबी गेंद से टेस्ट क्रिकेट खेलने के बारे में नायर ने बताया कि भारतीय टीम इसके लिए कैसे तैयारी कर रही है। भारत ने आखिरी बार मार्च 2022 में गुलाबी गेंद से खेला था। उन्होंने कहा कि बारिश हो रही थी, लेकिन अच्छी बात यह है कि हर कोई खेलने के लिए उत्सुक था। बारिश में भी सभी ने बल्लेबाजी की। चाहे वह गुलाबी गेंद हो या लाल गेंद, सारा अंतर वास्तव में दिमाग में होता है क्योंकि हमें हर हाल में अपना सिर्फ बेस्ट देना होगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 42 रन पर समेटा

**डरबन,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीलंका ने गुरुवार को किंग्समीड में चल रहे सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मात्र 42 रन पर आउट होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना सबसे कम स्कोर दर्ज किया है। श्रीलंका की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, जो कि मात्र 13.5 ओवर में हुआ और इस तरह से वह आसानी से अपने पिछले सबसे कम टेस्ट स्कोर 71 से पिछड़ गई, जो कि 1994 में कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ आया था। यह कुल मिलाकर नौवां सबसे कम टेस्ट स्कोर भी है। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने 6.5 ओवर में 7-13 का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा विकेट झटके। साथी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी (2-18) और कैगिसो रबाडा (1-10) ने उनका अच्छा साथ दिया। श्रीलंका के केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाए,



जिसमें कामिंडू मेंडिस का 13 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए। श्रीलंका द्वारा 42 रन पर ऑल आउट होना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर भी है, इससे पहले 2013 में केपटाउन में न्यूजीलैंड को प्रोटियाज ने 45 रन पर आउट कर दिया था।

## सार संक्षेप

### टिम डेविड आरसीबी में वापसी को लेकर उत्साहित

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में फिर से शामिल होने को लेकर अपना उत्साह साझा किया और टीम के साथ रोमांचक यादें बनाने की उम्मीद जताई। सिंगापुर में जन्मे और ऑस्ट्रेलिया में पले-बढ़े डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2025 की नीलामी में 3 करोड़ रुपये में साइन किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2021 में आरसीबी के साथ की थी, उसके अगले साल मुंबई इंडियंस में शामिल हुए। डेविड ने आईएएनएस से कहा कि मैं इस साल आरसीबी के लिए खेलने को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मैंने कुछ दोस्तों से संपर्क किया है, कुछ कोचिंग स्टाफ के साथ पहले काम किया है और जाहिर तौर पर यह वहां का शानदार मैदान है, खासकर पावर हिटर्स के लिए, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वहां भी कुछ रोमांचक यादें बनेंगी। 28 वर्षीय इस बड़े हिटर ने अपना करियर 20 ओवर के प्रारूप को समर्पित कर दिया है।

### इगा ने एक महीने का निलंबन किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को महिला टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक के निलंबन की घोषणा की। इगा स्वियातेक को डोपिंग जांच में प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के सेवन का दोषी पाया गया। इगा स्वियातेक ने औपचारिक रूप से एंटी-डोपिंग नियम के उल्लंघन को स्वीकार कर लिया है। अगस्त में हुई जांच में स्वियातेक का नमूना पॉजिटिव पाया गया और इगा ने आईटीआईए को दिये स्पष्टीकरण में बताया कि यह अनजाने में हुआ। वह यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी।

### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 99 रनों हराया और सीरीज भी जीती

**बुलावायो।** कामरान गुलाम (103) की शतकीय और अब्दुल्लाह शफीक (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 99 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलॉर्ड गंबी (पांच) और डिओन मेयर्स (चार) रन बनाकर आउट हुए।

# एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति में नपा अमले ने सख्ती से हटाया अतिक्रमण

## सार समाचार

### जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने जबलपुर में 88 मैडल प्राप्त कर फहराया जीत का परचम



**विदिशा, देशबन्धु।** जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष एशियन खिलाड़ी दिनेश मोहन श्रीवास्तव एवं सचिव कमल राठौर ने बताया कि 24 को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित अंतर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप की विभिन्न खेल प्रतियोगिता में विदिशा एवं गंजबासौदा के 40 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 36 स्वर्ण पदक, 46 रजत पदक एवं 6 कांस्य पदक कुल 88 पदक प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। साथ ही प्रतियोगिता की रनर अप विजेता ट्राफी अर्पित करके विदिशा का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को विदिशा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, डॉ. वीसी ओसवाल पूर्व प्राचार्य, संघ के संरक्षक केएन शर्मा एवं डाक्टर सतीश सक्सेना ने एसएटीआई खेल परिसर में उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए विभिन्न घोषणाएं की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने नगरपालिका की और से सभी विजेता खिलाड़ियों को खेल पोशाक प्रदान करने की घोषणा की। डॉ. वीसी ओसवाल ने जिला खेल संघ की सहायता हेतु एवं खेल गतिविधियों के संचालन हेतु पांच हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की। वहीं मास्टर एथलेटिक्स संघ के माध्यम से विदिशा का खेल मैदान में सिंथेटिक ट्रैक बनाने की लिए भी नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को आवेदन दिया। जिला संघ के अध्यक्ष एशियन खिलाड़ी दिनेश मोहन श्रीवास्तव ने इस अवसर पर यह सूचना दी कि दिनांक 31 जनवरी से 3 फरवरी 2025 को केरल प्रांत के कुन्नामुलम त्रिशूर में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में उपरोक्त सभी विजेता खिलाड़ी सहभागिता करने के लिए पात्र रहेंगे।

### मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

**विदिशा, देशबन्धु।** 29 नवंबर को मेडिकल कालेज में सीपीसी समिति द्वारा एक कार्यशाला एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एक दिसम्बर के विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में रखी गयी थी। इस कार्यक्रम में आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एमके जैन एवं आईएमए विदिशा अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन मुख्य अतिथि रहे। अधिष्ठाता डॉ. मनीष निगम एवं अधीक्षक डॉ. अविनाश लाघवे विशेष अतिथि थे। सीपीसी समिति के सदस्य डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. टीना, डॉ. प्रगति एवं डॉ. आरती द्वारा पैथोलॉजी की विभिन्न जांचों एवं उनके बीमारियों में निदान तथा उपचार में तर्कसंगत उपयोग पर व्याख्यान दिए गए। डॉ. सौरभ जैन ने स्नातकोत्तर छात्रों को एक प्रश्नोत्तरी में अत्यंत बुद्धिमत्ता संगत प्रश्न पूछे, जिनका उत्साहपूर्ण उत्तर दिया गया। कार्यशाला में लगभग 100 चिकित्सा शिक्षक एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया एवं कई जटिल बीमारियों पर परिचर्चा में योगदान दिया। डॉ. एमके जैन ने एड्स के लिए जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता बताई। डॉ. राजीव जैन ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ज्ञान का आदान-प्रदान होता है। अधीक्षक डॉ. लाघवे ने पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी तथा रेडियोलॉजी के परीक्षण को समन्वय कर रोग निदान के सिद्धांत बताए। अधिष्ठाता डॉ. निगम ने सीपीसी समिति को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही कार्यशाला का आयोजन करने को प्रोत्साहित किया। डॉ. संजय सिंह किरार एवं डॉ. प्रतिभा मीणा द्वारा इस अवसर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का संयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति में नपा अमले ने सख्ती से हटाया अतिक्रमण

**जैन भोजनालय में गंदगी देख भड़के एसडीएम**





**विदिशा, देशबन्धु।** शुक्रवार को दोपहर में तिलक चौक से लेकर माधवगंज चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉक्टर अमित सिंह और नगर पालिका के इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया और कुछ व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान माधवगंज क्षेत्र स्थित जैन भोजनालय पर एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे, यहां पर साफ-सफाई न होने और घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने पर तीन सिलेंडर जप्त किए गए तो वहीं फूड अधिकारी द्वारा सैंपल लिए गए।

शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉक्टर अमित सिंह और नगर पालिका के इंजीनियर सहित अन्य अमले द्वारा तिलक चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान सभी अधिकारी आगे-आगे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल करते हुए चल रहे थे। जिस दुकान के आगे अतिक्रमण दिखाई देता था उसे जेसीबी की मदद से हटाया गया और कई व्यापारियों को समझाइश दी गई कि वह अपनी स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें नहीं तो प्रशासन द्वारा जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाया जाएगा। कार्रवाई तिलक चौक से शुरू हुई जो धीरे-धीरे बढ़ती हुई निकासा रोड, कोतवाली रोड होते हुए माधवगंज, कांच मंदिर पहुंची। इस दौरान दुकानदारों द्वारा सड़क पर लोहे की सीढ़ियां रखकर अतिक्रमण कर रखा था, जेसीबी की मदद से उसे हटाया गया और व्यापारियों को समझाइश दी गई कि तय सीमा से बाहर सामान न रखें और दुकानों पर जो होर्डिंग लंबे-लंबे लगे हुए थे उन्हें हटाया जाए।

इस दौरान नगर पालिका की जेसीबी और नगर पालिका अमला सड़क पर बैठे हुए छोटे-छोटे व्यापारियों का सामान उठाते हुए चल रहे थे और कोई बड़े-बड़े व्यापारियों द्वारा पहले ही अतिक्रमण की जानकारी मिलने पर सामान को उठाकर अंदर कर लिया गया। इस दौरान नगर पालिका अमले को कई व्यापारियों द्वारा सामान उठाने के दौरान विरोध का भी सामना करना पड़ा। तहसीलदार अमित सिंह ने व्यापारियों से कहा कि आज हलकी कार्रवाई की जा रही है अगर व्यापारियों द्वारा दोबारा से सड़क पर अतिक्रमण किया गया तो दो-चार दिन बाद शक्ति से कार्रवाई की जाएगी और जो भी सड़क पर रखा हुआ सामान मिलेगा उसे जप्त कर लिया जाएगा।

इस दौरान अतिक्रमण विरोधी अमला माधवगंज क्षेत्र पहुंचा और यहां पर खड़े हुए सब्जी ठेलों को भी साइड से कराया गया। साथ ही हिदायद दी गई कि वह तय रेखा से बाहर न आएं। जिससे कि सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण वाहनों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**जैन भोजनालय से 3 गैस सिलेंडर जप्त:** अतिक्रमण विरोधी दस्ता कार्रवाई करते हुए जैसे ही माधवगंज क्षेत्र पर पहुंचा। इस दौरान एसडीएम और तहसीलदार की नजर जैन भोजनालय पर पड़ी तो वह ऊपर पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान जैन भोजनालय में जिस जगह पर खाना बनाया जाता है वहां पर गंदगी पाए जाने पर एसडीएम ने साफ सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि लोग यहां खाना खाने के लिए आते हैं, लेकिन सफाई दिखाई नहीं दे रही है। जिससे लोग बीमार हो सकते हैं। उन्होंने जैन भोजनालय संचालक को सख्त हिदायद देते हुए कहा कि भोजनालय पर काम करने वाले सभी मजदूरों को सप्ताह में एक दिन का अवकाश दिया जाए और सफाई सहित रंग रोगन कराया जाए और विद्युत व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में की जाए। इसी दौरान टीम जैसे ही दूसरे माले पर पहुंची तो पाया कि घरेलू गैस का उपयोग भोजनालय संचालक द्वारा किया जा रहा था। गैस सिलेंडरों को जप्त कर लिया गया और सफाई सहित भोजन की जांच पड़ताल के लिए खाद्य विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने खाने के सामग्री की जांच पड़ताल की गई और पंचनामा भी बनाया गया। वहीं होटल संचालक का कहना था कि सफाई और अन्य व्यवस्थाओं के लिए दो दिन का समय दिया जाए मैं सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दूंगा, लेकिन सोचने वाली बात तो है कि जब अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के लिए छापामारी की जाती है इसके बाद ही लोग अपनी जागरूकता का परिचय देते हैं वरना जैसा चल रहा है इस स्थिति में चलने दिया जाता है। इन लोगों को आम लोगों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं रहती है इसलिए जिला प्रशासन को चाहिए कि स्टेशन क्षेत्र सहित नगर में जितने भी आसपास के भोजनालय और ढाबे हैं उन पर सतत कार्यवाही और जांच पड़ताल की जाना चाहिए, जिससे कि नगर के लोगों को खान-पान की सामग्री शुद्ध और सही मिल सके।

## सीएम राईज विद्यालय के विद्यार्थियों ने पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण किया



**सिरोंज, देशबन्धु।** तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के विभागीय आदेश के परिपालन में सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को संस्था में संचालित समस्त ब्रांचो के बारे में, उनसे प्राप्त रोजगार के बारे में समझाया गया। विद्यार्थियों द्वारा संस्था के विभिन्न वर्कशॉप, प्रयोग शालाओं, सोलर प्लांट एवं विभिन्न विभागों का भ्रमण किया गया। उन्हें पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में किस प्रकार प्रवेश लेना है, कौन-कौन सी ब्रांच हैं और विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं और प्लेसमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें आगामी सत्र 2025-26 में पॉलिटेक्निक में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स आयोजन के संबंध में 2 को बैठक

**विदिशा, देशबन्धु।** जिले में खेलों एमपी यूथ गेम्स 2024 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु किए जाने वाले तमाम प्रबंधों की पूर्ति के उद्देश्य से एक बैठक दो दिसम्बर को आयोजित की गई है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक कलेक्टोरेके बेतवा सभागार में दोपहर एक बजे से आयोजित की गई है।

## जनपद शिक्षा केन्द्र में विश्व विकलांग दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



**सिरोंज, देशबन्धु।** जनपद शिक्षा केन्द्र में विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली मेहंदी, 100 मीटर दौड़, चम्मच दौड़, गायन, नृत्य, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के समापन पर पुरस्कार के साथ प्रमाणपत्र वितरण किया गया। जनपद शिक्षा केन्द्र सिरोज की ओर से सभी दिव्यांग बच्चों के स्वेटर का वितरण किया गया। बीआरसी ओमप्रकाश रघुवंशी की ओर से दिव्यांग बच्चों को 10-10 स्वेटर, समस्त जनशिक्षक की ओर से सामूहिक सहयोग से स्वेटर का वितरण किया गया। विश्व विकलांग दिवस में मुख्य अतिथि भी पारस तारण भाजपा नगर अध्यक्ष एवं पार्षद हरिचरण, उमेश सोनी विकासखंड शिक्षाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने बाईक पर किया शहर का भ्रमण



**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह सिंह व पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी हेलमेट लगाकर बाईक पर सवार होकर शहर की यातायात व्यवस्था का गुरुवार को जायजा लिया। यह निरीक्षण रात 7 बजे से 9 बजे तक चला।

कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया हमने टीम के साथ बाइक पर पेट्रोलिंग की है और कुछ स्थानों पर पैदल गश्त की है। जिन स्थानों से ट्रैफिक की खराब व्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, वहां निरीक्षण किया गया और सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि शहरवासियों को यातायात की किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा यह भ्रमण शहर की यातायात समस्याओं को समझने और सुधारने के उददेश्य से किया। उन्होंने कहा शहर में कई स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से खड़ी गाड़ियों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था वाधित हो रही है। हमने ऐसी जगहों की पहचान की है और उन्हें सुधारने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।

## हम होंगे कामयाब अभियानः घटवार और सियलपुर स्कूल में बच्चों को किया जागरुक



**सिरोंज, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा चलाए जा रहे अभियान हम होंगे कामयाब के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी अतिक्ति पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देशन में थाना प्रभारी पथरिया ऋतुराज सिंह, प्र आर नाजमा खान, सुनैना शर्मा, रेखा एवं शुभेंद्र चौहान के द्वारा आज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल घटवार और शासकीय माध्यमिक शाला सियलपुर के स्कूल में जागरूकता अभियान को संपादित किया। इसके अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना बाल विवाह एवं इसके लिए समाज को जागरूक करने संबंधी विभिन्न बिंदुओं के बारे में चर्चा की एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। उन्हें किस तरह से उपयोग करना है इसके बारे में विस्तृत रूप से समझाइश दी। इसके अलावा बाल विवाह के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर शपथ दिलाई गई।

## दिवंगत पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि, गरीबों को किए फल वितरित



**विदिशा, देशबन्धु।** विदिशा प्रेस क्लब संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेश शर्मा, पत्रकार सुनील शर्मा और नरेंद्र दीक्षित का 2 वर्ष पहले एक हादसे में निधन हो गया था। शुक्रवार को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब संघ कार्यालय में सभी पत्रकार साथी एकत्रित हुए और दिवंगत पत्रकारों को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति की भगवान से कामना की गई। वहीं शाम के समय सभी पत्रकार साथियों ने रेलवे स्टेशन पास गरीबों को फल वितरण किए गए। इस अवसर पर प्रेस क्लब संघ अध्यक्ष सचिन तिवारी, विनय सक्सेना, जनसंपर्क अधिकारी बीडी अहिरवाल, पुष्पराज सिंह, सुरेश शर्मा, माखन अहिरवार, दीपक नामदेव, ओमप्रकाश जोशी, सोनू नामदेव, कोमल सेन, कमल रैकवार, शाहिद अहमद, विजय शर्मा, जितेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद थे।

## रास्ते पर किए अतिक्रमण को हटाया

**विदिशा, देशबन्धु।** राजस्व अभियान के तहत जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से विमुक्त कराने का अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को ततसंबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रसारित किए है।

कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में चरनोई भूमि एवं शासकीय रास्तो पर हुए अतिक्रमण को सर्वोच्च प्राथमिकता से हटाने का कार्य राजस्व, पुलिस, प्रशासन के संयुक्त समन्वय से किया जा रहा है इसी प्रकार की कार्यवाहियां वन भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए संपादित की जा रही है। नटेरन एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत क्रियान्वित बिन्दुओं का समय सीमा में पूरा कराए जाने के लक्ष्यों की पूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि नटेरन तहसील के ग्राम सेऊ में शासकीय रास्ता सर्वे क्रमांक 651 पर अतिक्रमण होने की शिकायते प्राप्त हुई थी जिसका मौका मुआयना किया गया और शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक, पटवारी हल्का सेऊ द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य निर्विघ्न रूप से संपादित कराया गया है। क्षेत्र के तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि करीब आधा किलोमीटर लंबे शासकीय रास्ते पर ग्राम के छह नागरिकों के द्वारा आंशिक-आंशिक रूप से कब्जा कर लिया गया था जिसे आज निर्विघ्न रूप से हटाने की कार्यवाही संपादित की गई है। शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हट जाने के फलस्वरूप आस-पास के किसानो को कृषि कार्यो के संपादन हेतु अपने खेतो तक सुगमता से आने जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## सिविल लाइन थाना पुलिस ने आत्महत्या के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**विदिशा, देशबन्धु।** 14.10.2023 को मृतक तोरण उर्फ नितिन विश्वकर्मा निवासी पुरनपुरा द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली गई थी। जिस पर से थाना सिविल लाइन विदिशा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट प्राप्त हुआ था जिस पर से मृतक के परिजनों एवं स्वतंत्र साक्षियों के कथन लेख किए गए थे। जिसमें जांच के दौरान पाया गया कि नितिन विश्वकर्मा का सोनू गौतम एवं राज गौतम के साथ पैसों का लेनदेन था जिससे राज गौतम और उसका भाई सोनू गौतम नितिन विश्वकर्मा पैसों को लेकर दबाव बनाकर परेशान कर रहे थे। परेशानी से तंग आकर नितिन विश्वकर्मा द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली गई थी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन शाहबाज खान द्वारा थाना सिविल लाइन में आरोपियों के विरुद्ध विभिन्नप धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी सोनू गौतम एवं राज गौतम को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, विवेचना जारी है।

इस कार्यवाही में विशेष भूमिका निरी शाहबाज़ ख़ान, एसआई रोहित कौरव दौलत, प्रआर सचिन पवार की रही।

## देहरी गांव में 11 बजे तक नहीं पहुंचा एक भी शिक्षक



**विदिशा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत देहरी के हाईस्कूल का निरीक्षण करने सरपंच खूब सिंह किरार और ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान सुबह 11 बजे तक कोई भी शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचा था और बच्चे अपनी क्लास में बैठकर शिक्षक के आने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान सरपंच द्वारा पंचनामा बनाकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेज दिया गया है। शुक्रवार को देहरी हाईस्कूल एकीकृत शाला का सरपंच द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान सरपंच खूब सिंह ने बताया कि पहले भी स्कूल का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान भी कोई शिक्षक मौजूद नहीं था, जिसकी शिकायत शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को भी ग्रामीणों के साथ वह स्कूल पहुंचे और बच्चों की पढ़ाई कैसी चल रही है, इसका हाल-चाल जाना। इस दौरान स्कूल में 11 बजे तक कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं हुआ है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि शिक्षक कितने बजे तक स्कूल आते हैं तब बच्चों ने बताया कि शिक्षक 11 के बाद ही स्कूल आते हैं। इससे उनकी पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। इस दौरान एक ही क्लास में कई कक्षाओं के बच्चे बैठे हुए नजर आए। जिस पर उन्होंने स्कूल प्राचार्य को फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस पर सरपंच द्वारा स्कूल की व्यवस्था को देखते हुए पंचनामा बनाया गया। जिसमें गांव के लोगों के भी हस्ताक्षर कराए गए। सरपंच ने बताया कि सरकार द्वारा स्कूल खुलने का समय 10.30 बजे का निर्धारण किया गया है, लेकिन 11 बजे तक स्कूल में कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं था। उनका कहना था कि शासन द्वारा जब बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों को नियुक्त किया गया है तो शिक्षक समय पर क्यों स्कूल नहीं आते हैं यह जांच का विषय है। उन्होंने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे शिक्षकों पर कठोर कार्रवाई की जाना चाहिए, क्योंकि वह शासन के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और साथ में बच्चों के भविष्य से भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

## ग्रेंड पैरेंट्स-डे का केंदीय विद्यालय में हुआ आयोजन



**विदिशा, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को ग्रेंड पेरेंट्स-डे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के माता-पिता और उनके दादा-दादी को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों में भारत की पुरानी संस्कृति से अवगत कराने के साथ-साथ धार्मिक और व्यवहारिक ज्ञान देना भी है। उन्होंने बताया कि बच्चों ने इस मौके पर अपने दादा दादी, नाना नानी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

**उदय शिल्प हैंडीक्राफ्ट एंपोरियम का उद्घाटन किया**

## स्थानीय उत्पाद देश-दुनिया में पसंद, यह गौरव की बातः राज्यमंत्री



**विदिशा, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने शुक्रवार को विदिशा के उदयगिरि स्थित ग्राम सुनपुरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर उदय शिल्प हेंडीक्राफ्ट एम्पोरियम का उद्घाटन फीता काटकर किया।

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने सुनपुरा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उदय शिल्प हेंडीक्राफ्ट्स एंपोरियम की शुरूआत बड़ी सौगात है। हमारी बहनें किस तरह आर्थिक रूप से मजबूत होकर आगे बढ़ें इसी उद्देश्य से सुनपुरा में यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। देश की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक रूप में महिला अग्रसर होंगी तभी देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि उदय शिल्प हैंडीक्राफ्ट्स एंपोरियम के माध्यम से महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं और यहां निर्मित प्रोडक्ट मार्केट में विक्रय हो रहा है। जिससे दोहरा लाभ अर्जित हो रहा है, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर रहा है और इससे बड़ी उपलब्धि यह भी है कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से यहां बनाया जा रहा प्रोडक्ट देश दुनिया में ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है यह हमारे लिए गौरव की बात है। महिलाओं की कला देश दुनिया में प्रदर्शित होगी। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा अच्छे अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित हैं उन्होंने महिलाओं से इन योजनाओं में आगे आकर लाभ उठाने की अपील भी की है।

राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने उदय शिल्प हेंडीक्राफ्ट एंपोरियम के शुभारंभ अवसर पर इकाई में प्रदर्शित प्रोडक्टों का अवलोकन किया। उन्होंने यहां महिलाओं द्वारा किस तरह हस्तशिलप के माध्यम से डिजाइन तैयार किये जा रहे हैं की बारीकी को भी परखा और महिलाओं से संवाद भी किया।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### नरेन्द्र खातकर बने मप्र अजाक्स के प्रांतीय महासचिव

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल के युवा अधिकारी नरेन्द्र खातकर को मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य के निर्देश पर श्यामलाल डोहरिया, मुख्य स्टेट समन्वयक की अनुशंसा और समन्वय से हुई। नरेन्द्र खातकर वर्तमान में प्रगति सहायक के पद पर कार्यालय पशु चिकित्सा सेवाओं बैतूल में कार्यरत हैं। उनकी सक्रियता और सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नरेन्द्र खातकर की इस नियुक्ति से बैतूल सहित नर्मदापुरम संभाग और मध्यप्रदेश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य, मुख्य स्टेट समन्वयक श्यामलाल डेहरिया, स्टेट संगठन समीक्षक रामकिशोर दाहिया, प्रांतीय महासचिव बसंत खरे, प्रांतीय सचिव डॉ. घनश्याम परते, जिलाध्यक्ष छत्रपाल मर्सकोले, सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी है। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार आरख, जिलाध्यक्ष सतना, अशोक कटारिया, जिलाध्यक्ष इंदौर, आरके विजयकर विकासखंड अध्यक्ष, तुमडाम, कमलेश रास्के, केके रास्के, डॉ.संतोष, अजय नागले, संदीप पाटिल, राजेश रतनकर, सत्यम शाह मरकाम, बीडी झरने, कृष्णा पांडे, विजयकर शाक्य, कमलेश शाक्य किशोर झरबड़े, कमलेश पंडोले सहित कई पदाधिकारियों ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



### कलेक्टर ने रिश्वत के प्रकरण में पटवारी को किया निलंबित

**बैतूल, देशबन्धु।** लोकायुक्त पुलिस संगठन द्वारा जिला बैतूल की तहसील आठनेर के राजस्व निरीक्षक वृत्त आठनेर के पटवारी हल्का क्रमांक 27 व 29 के पटवारी प्रफुल्ल बारस्कर को गुरुवार कोरिश्वत लेने की घटना में रंगे हाथों ट्रेप किया गया है। जिस पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैंसदेही से प्राप्त सूचना के आधार पर पटवारी श्री प्रफुल्ल बारस्कर को म0प्र0 सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर टप्पा कार्यालय सारणी तहसील घोड़ाडोंगरी में सम्बद्ध किया जाता है।

### योग शिविर की तैयारियों का लिया जायजा

**बैतूल, देशबन्धु।** आगामी 13, 14, 15 दिसंबर को होने वाले स्वामी परमार्थ देव के योग शिविर के तैयारी का जायजा लेने के लिए आज शुक्रवार को पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी हरि शरण समरी बैतूल पहुंचे। उन्होंने शिविर की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुल कर कार्य करके इस शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया। गौरतलब है कि बैतूल के स्टेडियम और ओपन आडिटोरियम में योग-आरोग्य शिविर विशाल स्तर पर लग रहा है। इसमें जिले भर की संस्थाओं के अलावा शासन-प्रशासन भी सहयोग कर रहा है। इस अवसर पर हितेश पटेल, लक्ष्मीकांत साहू दिनेश लिखितकर, गणेश मारवाड़ी, जितेंद्र सोनी एस पवार, मोतीलाल यादव, नारायण यादव, अनिल साहू, मनोहर साहू, सतीश पाल, रेखा पवार, मुकेश ठाकुर, सुनील कुबड़े, हरकचंद सोलंकी इत्यादि उपस्थित थे।

### छह साल से नहीं मिला संबल योजना का लाभ

**● अब परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठने का लिया निर्णय**

**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही ब्लॉक के ग्राम ठेसका निवासी सुनिता उइके ने संबल योजना के तहत अपने पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशि की मांग को लेकर 2 दिसंबर से कलेक्टर कार्यालय के सामने परिवार सहित अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान किया है।



सुनिता उइके के अनुसार, उनके पति राजू उइके की 2 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। उनका नाम संबल योजना में पंजीकृत था और उनका श्रमिक आईडी नंबर 120438914 है। सुनिता ने बताया कि उन्होंने इस योजना के तहत 2 लाख रुपये की सहायता राशि के लिए 2 जुलाई 2019 को आवेदन किया था, जिसका पंजीकरण 14 जुलाई 2019 को हो गया था। शासन से स्वीकृति, लेकिन राशि आज तक नहीं मिली। मध्य प्रदेश शासन के आदेश क्रमांक 544/2019 दिनांक 27 सितंबर 2019 के तहत सुनिता के पति की मृत्यु के बाद 2 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। यह राशि जनपद पंचायत भैंसदेही के खाते क्रमांक स.क्र. 192 में जमा होनी थी। लेकिन सुनिता का आरोप है कि यह राशि जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ नरेन्द्र रघुवंशी और लेखापाल नवीन कुमार मिश्रा ने फर्जी तरीके से अपात्र व्यक्ति को पात्र बताकर उनके खाते में ट्रांसफर कर दी।

सुनिता ने बताया कि उन्होंने जिला प्रशासन, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत भैंसदेही के सीईओ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और लोकायुक्त तक शिकायत की, लेकिन आज तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। न्याय न मिलने से निराश होकर 2 दिसंबर से परिवार सहित कलेक्टर कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है। उन्होंने मांग की है कि शासन से स्वीकृत राशि उन्हें 6 साल के ब्याज सहित दिलाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# लक्ष्मीबाई धोटे की स्मृति में सिकलसेल पीड़ितों की मदद के लिए 81 यूनिट रक्तदान

**● 122 नेत्र और 140 स्वास्थ्य परीक्षण भी हुए ● रक्तदूत और जीवनरक्षक सम्मान किया प्रदान**



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के ग्राम हिवरखेड़ में स्व.लक्ष्मीबाई धोटे की पुण्यतिथि पर सिकलसेल पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 81 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें 11 ग्रामीण महिलाओं ने शुरुआत कर जिले में प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। आयोजन के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र परीक्षण भी किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे, रेडक्रॉस के प्रदेश प्रतिनिधि संजय शुक्ला, रक्तक्रांति टीम के शैलेंद्र बिहारिया, रक्तवीर मोइज फकरी, कोजेम खान, मां शारदा सहायता समिति के अध्यक्ष हिमांशु सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन के प्रमुख आयोजक संतोष धोटे, गणपतराव कुंभारे, वामनराव फाटे, विश्वनाथ धोटे, राजू इंगले, सुरेश माथनकर, सुभाष कुंभारे, हेमराज कुंभारे एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. लोकेश धोटे उपस्थित थे।

इस अवसर पर रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को रक्तदूत सम्मान 2024 और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को जीवनरक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में 70 पुरुषों सहित कुल 81 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान 115 लोगों के रक्त की संपूर्ण जांच हुई, और सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र द्वारा 122 लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया। साथ ही 140 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां वितरित की गईं। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने इस आयोजन को अभिनव पहल बताते हुए धोटे परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा, यह पुण्यतिथि पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आदर्श स्थापित होते हैं। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे ने कहा, हिवरखेड़ को आदर्श ग्राम बनाने के लिए ऐसे सेवा कार्य महत्वपूर्ण हैं। रक्तक्रांति टीम के शैलेंद्र बिहारिया ने कहा, दान करने वाले पवित्र आत्मा होते हैं, लेकिन रक्तदान करने वाले हमारे लिए परमात्मा के समान होते हैं। आयोजन के संयोजक डॉ. लोकेश धोटे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सिकलसेल जागरूकता की शपथ दिलाई। रक्तदान करने वालों में दर्शन धोटे, मनीषा गवाड़े, पुष्प सूर्यवंशी, शर्मिला घोड़की, शर्मिला धोटे, रत्नमाला गायकवाड़, गौरव धोटे, भावेश धोटे, भावेश मगरदे, हिमांशु कुंभारे, विनोद कुंभारे, प्रफुल पाल, योगेश सोनारे, पुरुषोत्तम कुंभारे और विजित नागपूरे शामिल थे।

# दिव्यांग बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाएं अपने हुनर



**चिचोली, देशबन्धु।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर नगर के आदिवासी मंगल भवन परिसर में जनपद शिक्षा केंद्र की ओर से ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़,गायन ,नृत्य , रंगोली चित्रकला , 100 मीटर दौड़, चम्मच दौड, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा मालवीय उपाध्यक्ष वर्षा आंवलेकर, पार्षद उमेश पेठे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपक महाले, बीआरसी नीरज गलफट, एवं उपस्थित पालको किया। कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 1 से 8 तक बच्चों ने प्रतियोगिता के माध्यम से कुर्सी दौड़ गायन प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ सहित अन्य विधाओं में हिस्सा लिया इस मौके पर अतिथियों, पालको एवं शिक्षको ने मौजूद रहकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

अतिथियों ने कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार वितरण किया। सभी बच्चे पुरस्कार पाकर बेहद उत्साहित नजर आ रहे थे। इस मौके पर जिला स्तर के लिए चयनित बच्चों के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे नगर अध्यक्ष वर्षा मालवीय नगर उपाध्यक्ष वर्षा आंवलेकर, पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष मालवीय पार्षद उमेश पेठे ,जिला पचायत सदस्य सावित्री उईके , बीईओ दीपक महाले , बीआरसी नीरज गलफट, मोना घाटोडे ,अरुणा साहु ,सिमा सिह अनिल बन गोस्वामी, कृष्णा लोखंडे , ओमप्रकाश सरोणे ,ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# राष्ट्रीय बास्केटबॉल में दमदार प्रदर्शन कर लौटे अश्विन, हुआ स्वागत



**बैतूल, देशबन्धु।** पटियाला, पंजाब में आयोजित अंडर-19 शालेय राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर बैतूल के अश्विन तिर्की ने शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी मेहनत और खेल से सबको प्रभावित कर अश्विन जब बैतूल लौटे तो नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। नागरिक बैंक के अध्यक्ष अतीत पंवार और वरिष्ठ खिलाड़ी रमेश भाटिया ने अश्विन को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

अश्विन तिर्की ने स्टेडियम में उपस्थित साथी खिलाड़ियों और जूनियर खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अश्विन ने बताया कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से ही राष्ट्रीय स्तर पर सफलता मिलती है। इस अवसर पर नागरिक बैंक के अध्यक्ष अतीत पंवार ने कहा कि खिलाड़ियों को पढ़ाई और खेल दोनों में संतुलन बनाकर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी कामना की कि भविष्य में बैतूल से और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चयनित हों और जिले का नाम रोशन करें। अश्विन के स्वागत कार्यक्रम में जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव राकेश बाजपेई, सह सचिव मो. तनवीर, कोषाध्यक्ष राजेश दीक्षित, सदस्य मो. शफीक मंसूरी, मुरली मालवी और दिनेश शर्मा सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अश्विन की मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भावी पीढ़ी के जीवन की सुनिश्चितता हेतु पानी की बर्बादी को कम करना होगा : चौहान



**सावलमेंढा, देशबन्धु।** जल एक सीमित और बहुमूल्य तत्व है,जो पृथ्वी पर सभी के जीवन को बनाए रखने में अनिवार्य घटक है।

उक्त उद्गार नवांकुर संस्था सावंगी के अध्यक्ष दिनेश माकोड़े ने कोथलकुंड में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ती आबादी और पर्यावरण असंतुलन के कारण पानी की कमी विश्व की एक बढ़ती हुई चिंता बन गई है। सेक्टर के मेंटर आशुतोष सिंह चौहान ने कहा कि जल संरक्षण के अंतर्गत जल संसाधनों का जिम्मेदारी से और कुशलतापूर्वक उपयोग करना भी शामिल है,ताकि पानी की बर्बादी को कम किया जा सके और भविष्य की पीढ़ियों के जीवन के लिए इसकी उपलब्धता को बनाए रखा जा सके।

विदित हो कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के निर्देशन में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावंगी के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम कोथलकुंड में उक्त बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया।कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं अंजलि कुमरे,तुलसीराम मर्सकोले,सोमदास इवने,सोनम उईके,अनीता कंगाले,वैशाली उईके,साधना परते,जानकी आहके,अनीता मरकाम,सुनीता उईके,सोनम कवडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत चोपना में सोखपीठ और नाडेप निर्माण में भ्रष्टाचार- राय

**● सरपंच, सचिव, उप सरपंच के खिलाफ निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप**

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पंचायत चोपना में हो रहे निर्माण कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्राम पंचायत के पंच अशोक राय ने सरपंच, उपसरपंच और सचिव पर गुणवत्ताविहीन कार्य करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वाटर रिचार्ज हैंडपंप के पास सोखपीठ गड्ढा निर्माण और नाडेप का निर्माण पंचायत द्वारा अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है, लेकिन इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का पूरी तरह अभाव है।



अशोक राय ने बताया कि उन्होंने इन अनियमितताओं की मौखिक शिकायत पंचायत के सरपंच, सचिव और उपसरपंच से की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव ने जवाब देते हुए कहा, हम सहायक यंत्री को पैसा देते हैं, तुमसे जो बन पड़े, कर लो। यह बयान भ्रष्टाचार की ओर स्पष्ट इशारा करता है। राय ने बताया कि सामुदायिक बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए आवंटित धनराशि का भी गबन किया गया है। उनकी ओर से इस गंभीर मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की गई, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पंच अशोक राय ने कहा कि पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार और लापरवाही से जनता का विश्वास टूट रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जल्द से जल्द जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा इस मामले में प्रशासन की चुप्पी और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों में पंचायत के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है और वे प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में प्रवीण गुगनानी का व्याख्यान संपन्न

**जनजातीय समाज की परंपराओं, बिरसा मुंडा के जीवन व जनजातीय गौरव दिवस पर की चर्चा**

**बैतूल, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली की मानविकी (ह्युमनिटीज) पीठ द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जनजातीय परंपराओं पर केंद्रित इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता बैतूल के चिंतक, विचारक, भाजपा नेता एवं विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार (राजभाषा) प्रवीण गुगनानी थे।




प्रारंभ में विवि की मानविकी पीठ अध्यक्ष श्रीमती कौशल पवार ने बिरसा मुंडा के जीवन व जनजातीय गौरव दिवस पर चर्चा की। प्रवीण गुगनानी ने अपने व्याख्यान में जनजातीय समाज की परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। भारत में चल रहे विश्व आदिवासी दिवस के विमर्श पर व जनजातीय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों की परंपराओं में आने वाली बाधाओं व सरकार द्वारा उनके निराकरण के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस आयोजन में इग्नू विवि की मानविकी पीठ की अध्यक्ष कौशल पवार, इग्नू विवि की कुलाधिपति उमा कांजीलाल, एवं विवि के अन्य अधिकारी व प्रोफ़ेसर्स, विद्यार्थी व रिसर्च स्कालर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य वक्ता प्रवीण गुगनानी से छात्रों, रिसर्च स्कालर्स व प्रोफ़ेसर्स ने बड़ी संख्या में प्रश्नोत्तर किए। आभार प्रदर्शन प्रो. लियाक़त अली ने किया।

## गांव तक एप्रोज सड़क बनाने की मांग



**चिचोली, देशबन्धु।** बैतूल -इंदौर नेशनल हाईवे अथॉरिटी 47 सड़क निर्माण में आमपुरा बोर्ड रैयत जाने के लिए एप्रोज रोड बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज आर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणो ने तहसील कार्यालय में जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौपा ।


ग्रामीणों ने बताया कि बैतूल से इंदौर नेशनल हाईवे फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य प्रगति रत है जिसमें फेस टू के अंतर्गत सीता डोंगरी से लेकर टेमा गांव तक और फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है । परंतु आलमगढ़ ,आमापुरा और बोडरैयत गांव जाने के लिए सर्विस रोड नहीं बनाया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा स्कूल के बच्चे भी इसी सड़क से आना जाना करते हैं एवं आए दिन दुर्घटना दिन होती रहती है फोर लाइन सड़क निर्माण मे अधिकारी नजरअंदाज कर निर्माण करने में लगे हैं । इसके अलावा बोडरैरयत गाँव भाजी नदी पर पुल बनाने की मांग की है कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज आर्य ने चेतावनी देते हुए बताया कि अधिकारी आठ दिनों में हमारी मांगे पूरा नहीं करती हैं तो आगामी दिनों में चक्का जाम करने पर मजबूर होना पड़ेगा इस दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज आर्य सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण आर्य, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष अकरम पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष राम प्रसाद, सेवादल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष अर्पित आर्य, बिहारी ईवने , गफूर खान , नंदराम यादव , पन्नालाल , राजू यादव, इमारत, धनाराम, बलराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने सीखी मिट्टी से कृतियां बनाने की कला

**नई शिक्षा नीति के तहत हुई पारंपरिक कौशल पर कार्यशाला**

**बैतूल, देशबन्धु।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय पूर्व व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम की कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य आर.एन. पांडेय ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मिट्टी के बर्तन और कलाकृतियां बनाने वाले कलाकार श्याम प्रजापति का हरित स्वागत किया गया। श्याम प्रजापति ने बचपन से ही मिट्टी के बर्तनों और कलाकृतियों को आकार देने का कार्य किया है। यह कार्यशाला नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें बैग रहित दिवस मनाने का प्रावधान है। इस नीति के तहत बच्चों को विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण निपुण कलाकारों और शिल्पकारों द्वारा दिया जाएगा। प्राचार्य आर.एन. पांडेय ने बताया कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पारंपरिक कौशलों में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। श्याम प्रजापति ने बच्चों को धैर्यपूर्वक मिट्टी से कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बारीकी से समझाया कि मिट्टी, चाक और हाथों के स्पर्श से किस प्रकार कुछ ही पलों में सुंदर कलात्मक वस्तुएं बनती हैं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक मिट्टी के बर्तन और अन्य कलात्मक वस्तुएं बनाईं और इस प्रक्रिया का आनंद लिया। कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 250 बच्चों ने इस कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी की। इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चों में आत्मनिर्भरता और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा साहू, संजय सोनी, दिलीप डांगे, के.सी. साहू, कृष्णा खातरकर और मुकेश यादव का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय ने घोषणा की कि इस तरह की कार्यशालाएं भविष्य में भी आयोजित होती रहेंगी ताकि बच्चे अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न कलाओं में दक्षता प्राप्त कर सकें।











मुख्यमंत्री ने जर्मनी में राउंड टेबल मीटिंग को किया संबोधित, कहा-

# जर्मनी के साथ मिलकर प्रदेश के उद्योग और व्यवसाय को देंगे विशिष्ट पहचान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भौगोलिक स्थिति के कारण मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित होने से उत्तर- दक्षिण, पूर्व- पश्चिम चारों दिशाओं में आने-जाने का केंद्र बिंदु है। यहाँ से दक्षिण एशिया सहित महाद्वीप के कई स्थानों तक आवागमन सुगम और सरल है। जर्मनी के लैप ग्रुप का मध्यप्रदेश को अपने व्यवसाय का केंद्र बनाना इस बात का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि लैप ग्रुप ने जर्मनी से बाहर अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए बेंगलुरु के बाद मध्यप्रदेश का चयन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जर्मनी भ्रमण के दूसरे दिन स्टटगार्ट स्थित लैप ग्रुप की फैक्ट्री के भ्रमण के बाद मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर राउंड टेबल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में राज्य सरकार औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और निवेश संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। क्षेत्रीय स्तर पर जारी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से प्रदेश में उद्योग स्थापना का बेहतर माहौल बना है। इससे राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर से भी बड़े निवेशक बेहतर भविष्य के लिए आश्वस्त होते हुए मध्यप्रदेश में अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहे हैं। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के परिणामस्वरूप उद्योग व्यवसाय को लाभ मिलना सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी के साथ प्रदेश में उद्योग- व्यवसाय को विस्तार देने के लिए कई विकल्प हैं। इनमें निजी निवेश, तकनीकी सहभागिता और साझेदारी से जर्मनी और भारत के औद्योगिक और व्यावसायिक रिश्तों को प्रगाढ़ किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे उद्योग समूह और निवेशकों को फरवरी- 2025 में प्रदेश की राजधानी भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का निमंत्रण देने जर्मनी आये हैं। हमारे लिए जर्मनी से संबंधों का विशेष महत्व है। जर्मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और मध्यप्रदेश में जारी निवेश प्रोत्साहन गतिविधियां, व्यापार- व्यवसाय को परस्पर प्रोत्साहित करेंगी। मध्यप्रदेश में पर्याप्त प्राकृतिक और खनिज संपदा होने के साथ बेहतर अधोसंरचना, दक्ष मैनपॉवर, उद्योग मित्र नीतियां और नवाचार के लिए तत्पर प्रशासनिक व्यवस्था विद्यमान है। निवेश प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार अपनी नीतियों में बदलाव या सुधार के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लैप ग्रुप की फैक्ट्री पहुंचने पर ग्रुप की लीडरशिप टीम द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। लैप ग्रुप के अध्यक्ष एंड्रियास लैप, मैथियास लैप और एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य ह्युबर्टस ब्रियर ने ग्रुप की गतिविधियों की जानकारी दी।

रात्रि भोज पर फ्रेंड्स ऑफ एमपी से किया संवाद, बोले-

## जर्मनी भारत का करीबी, सत्य, संस्कृति और ज्ञान का सारथी



**भोपाल, देशबन्धु।** जर्मनी के म्यूनिख शहर में गुरुवार रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतवंशियों एवं प्रवासी समुदाय फ्रेंड्स ऑफ एमपी के साथ एक अनूठा संवाद किया। भाषणों और औपचारिकताओं को पीछे छोड़ते हुए, उन्होंने सहज, दोस्ताना और सारगर्भित चर्चा कर उन्होंने सभी को भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से जोड़ा। भारतीय संस्कृति के अनुरूप प्रारंभ हुए कार्यक्रम में प्रत्येक भारतवंशी को देशभक्ति और देशप्रेम से सराबोर कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतवंशियों के साथ रात्रि भोज के दौरान खुलकर संवाद किया। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए भारतीय समुदाय को प्रोत्साहित किया कि वे जर्मनी में रहते हुए भी अपनी जड़ों से जुड़े रहें। यह आयोजन भारतीयता के गौरव, परंपरा और आधुनिकता के समन्वय का प्रतीक बना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसका समावेशी और सकारात्मक दृष्टिकोण है। उन्होंने इसे इस तरह परिभाषित किया कि भारत में परेशानी में आनंद ढूंढने की कला और सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जर्मनी को भारत का करीबी बताते हुए कहा कि जर्मनी भी सत्य, संस्कृति और ज्ञान का सारथी है। यही कारण है कि दोनों देशों के विचार और मूल्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण और राष्ट्रगान के साथ हुई। तिरंगे झंडे के सम्मान और दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक हर कोने में दिखाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 लाख से अधिक भारतवंशियों और 35 हजार से अधिक भारतीय छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व जताया, जो जर्मनी में शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम कर रहे हैं।

डॉ. यादव के इस विशेष प्रयास ने फ्रेंड्स ऑफ एमपी के मंच को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आत्मीय और प्रेरक अनुभव में बदल दिया, जहां भारतीय प्रवासियों को अपनी संस्कृति और मूल्यों से फिर से जुड़ने का अवसर मिला।

## महान फिल्मकार गुरुदत्त का जन्मशती समारोह आज और कल



**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन तथा सिने क्लासिक के तत्वाधान में महान फिल्मकार गुरुदत्त का दो दिवसीय जन्मशती समारोह 30 नवम्बर एवं 01 दिसंबर को होटल निसर्ग में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्कृति मर्मज्ञ पंकज राग करेंगे, जबकि वरिष्ठ लेखक एवं फ़िल्म आलोचक अजित राय मुख्य अतिथि होंगे।

समारोह का शुभारम्भ विदुषी स्मिता नागदेव द्वारा सितार पर गुरुदत्त के फ़िल्मी गीतों की प्रस्तुति से होगा, जिसमें वैभव जोशी टेबल पर संगत करेंगे। इसके बाद युवा पत्रकार यासिर उस्मान की पुस्तक 'गुरुदत्त : एक अधूरी दास्तान' के अनुवादक और वरिष्ठ पत्रकार श्री महेन्द्र नारायण सिंह यादव से फ़िल्मकार श्री सुनिल शुक्ल बातचीत करेंगे। तत्पश्चात अजित राय गुरुदत्त की अन्तर्राष्ट्रीयता पर बात करेंगे तीसरे सत्र में पंकज राग गुरुदत्त की फिल्मों में गीतों का पिक्चराईज़ेशन पर दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति देंगे।

दूसरे दिन गुरुदत्त की निर्देशकीय दृष्टि पर फ़िल्मकार राजीव गोहिल का वक्तव्य होगा और फिर अजित राय गुरुदत्त की फिल्मों में उनका समय विषय पर बात करेंगे। कार्यक्रम के छठवें सत्र में फ़िल्म डिज़ाइन विशेषज्ञ निमिष गौर गुरुदत्त के सिनेमेटिक क्राफ्ट पर दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति देंगे। समारोह का समापन शाम 7.00 बजे मायाराम सुरजन स्मृति भवन में अनुभूति समूह द्वारा गुरुदत्त के फ़िल्मों के गीतों की प्रस्तुति से होगा।

## मतदाता जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान को मिलेगा नेशनल मीडिया अवार्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता शिक्षा और मतदान जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान के लिये नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 प्रदान किये जायेंगे। मीडिया संस्थानों को पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने और मतदान के प्रति जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये चलाये जा रहे उत्कृष्ट अभियानों को प्रोत्साहित करने के लिये दिये जायेंगे। आयोग ने 10 दिसम्बर 2024 तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट एवं सोशल) मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। वर्ष-2024 में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मीडिया संस्थानों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों और विशिष्ट उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए चार पृथक-पृथक श्रेणियों में अपने प्रस्ताव भेजने होंगे। सभी नामांकनों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित मीडिया अवार्ड जूरी विचारोपरान्त निर्णय लेगी।

आयुष्मान योजना से मिली निःशुल्क सेवा

# हृदय रोग पीड़ित को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से लिफ्ट कर भेजा हैदराबाद



**भोपाल, देशबन्धु।** पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा आपात स्थितियों में नागरिकों को समय से उपयुक्त चिकित्सकीय सेवा मुहैया कराने में वरदान साबित हो रही है। इससे बहुमूल्य जीवन को बचाया जा रहा है। नरसिंहपुर जिले के करेली निवासी हृदय रोग से पीड़ित विमल कुमार जैन (उम्र-70 वर्ष) को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से बेहतर उपचार के लिये एयर लिफ्ट कर हैदराबाद भेजा गया।

जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर द्वारा हृदय रोगी श्री जैन की स्थिति को देखते हुए कीम्स अस्पताल, हैदराबाद रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर से 108 एम्बुलेंस से श्री जैन को जबलपुर एयरपोर्ट तक पहुंचाया गया। जबलपुर से उन्हें पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से कीम्स अस्पताल, हैदराबाद के लिए भेजा गया। यह सेवा आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही श्री जैन को निःशुल्क प्रदान की गई। पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किये जाने की सेवा प्रदाय की जाती है। पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत हेली एम्बुलेंस एवं फिक्सड विंग कनवरटेंट फलाईंग एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं। पीएम एयर एम्बुलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीम हमेशा तैनात रहती है।

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीड़ित को राज्य में एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निशुल्क परिवहन किया जाता है। आयुष्मान कार्डधारी के उपचार के लिये राज्य में एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में उपचार हेतु निशुल्क परिवहन की व्यवस्था है। अन्य हितग्राही जो कि आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं, उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर स्थित शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध है।

विकास कार्यों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक में बोले सहकारिता मंत्री सारंग

# ऐशबाग के जर्जर मकानों को हटाया जाएगा, वैध परिवारों को करेंगे विस्थापित



**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग इलाके में जर्जर मकानों में निवासरत वैध 50 परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित किया जाए। इन परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। जर्जर मकानों को धराशायी करने की प्रक्रिया पुनर्वास कार्य पूरा होने के तुरंत बाद शुरू हो। यह निर्देश आज सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों को लेकर मंत्रालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दिए।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इस कार्यवाही में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए। श्री सारंग सुभाष नगर आर.ओ.बी. पर प्रस्तावित थर्ड लेग निर्माण के लिए मोतीनगर के अतिक्रमण तथा झुग्गियों के विस्थापन पर समय पर कार्यवाही नहीं करने पर और अनुविभागीय अधिकारी, वृत्त एम.पी.नगर की उदासीनता पर मंत्री सारंग ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब अगर समय पर एसडीएम ने कार्य नहीं किया तो उनको वहां से हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने द्वारकाधाम और गोकुलधाम में बिजली की समस्या दूर करने के लिए द्वारकाधाम में बिजली सब स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके लिए कालोनी के रहवासी और बिल्डर पूर्व की बकाया राशि को 5 किश्तों में जमा करेंगे। मंत्री और कलेक्टर के समक्ष इस संबंध में दोनों पक्षों ने रजामंदी दी। वहीं मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत अन्नानगर, विकास नगर, बौद्ध बिहार, कैलाश नगर, सुदामा नगर, पुराना नगर के रहवासियो को स्थाई विद्युत कनेक्शन देने के संबंध में निर्णय लिया। बैठक में कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र सिंह, विद्युत वितरण कंपनी, नगर निगम, बीएचईएल, रेलवे, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुए।

## शस्त्र लायसेंस निरस्त करने का दिया नोटिस तो उपभोक्ता ने जमा कराई 1 लाख से अधिक की बकाया राशि

**भोपाल, देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट शिवपुरी द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्ती के नोटिस के चलते ग्राम विजरावन जिला शिवपुरी निवासी बिजली उपभोक्ता रामवीर ने एक लाख 3 हजार से अधिक की बकाया राशि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में जमा कर दी है। गौरतलब है कि यह राशि लंबे समय से उपभोक्ता द्वारा अदा नहीं की जा रही थी। महाप्रबंधक शिवपुरी ने बताया कि उपभोक्ता रामवीर के नाम विद्युत बिल की राशि काफी समय से लंबित थी। बकायादार के नाम शस्त्र लाइसेंस था। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण का नोटिस दिए जाने के पश्चात उपभोक्तारामवीर ने बिजली कंपनी के खाते में पूरी बकाया राशि जमा कर दी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के जिलों में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आर्म्स डीलर लाईसेंस एवं शस्त्र लाईसेंस की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के लिए बिजली कंपनी से नोड्यूज प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया है।

16 लाख से ज्यादा कर्मचारियों के वित्तीय डाटा का प्रभावी प्रबंधन

# मप्र सर्वश्रेष्ठ वित्तीय प्रबंधन में होगा देश का अग्रणी राज्य



**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बताया है कि मध्यप्रदेश वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने जा रहा है। वित्त विभाग महत्वाकांक्षी एकीकृत वित्तीय प्रबंधन व्यवस्था करने जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेस एवं मशीन लर्निंग आधारित उत्कृष्ट साफ्टवेयर को मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में क्रियान्वित करेगा।

साफ्टवेयर से राज्य के 10.2 लाख कर्मचारी, 5.6 लाख पेंशनभोगी, 5917 संवितरण कार्यालय, सम्पूर्ण प्रदेश का बजट एवं समस्त विभाग लाभान्वित होंगे। इसके माध्यम से प्रदेश के प्रति वर्ष 3.5 करोड़ से अधिक वित्तीय ट्रांजैक्शन किया जावेगा। मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य है, जहां इतनी बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के वित्तीय डाटा का आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग का प्रयोग कर प्रबंधन किया जायेगा। अब यह व्यवस्था पूरी तरह से पेपरलेस, कान्टैक्टलेस एवं फेसलेस होगी। साथ ही एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर यूजर फ्रेंडली होगा।

नेक्स्ट जनरेशन का एडवांस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर- आईएफएमआईएस नेक्स्ट जेन को क्रियान्वित करने के लिए म.प्र. सरकार समन्वित तैयारी कर रही है। वित्त विभाग ग्लोबल टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन के अनुरूप नवीन वित्तीय प्रबंधन सॉफ्टवेयर विकसित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण परियोजना में आईटी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों की टीम काम कर रही है। अब तक आईटी क्षेत्र की 28 कंपनियों ने सॉफ्टवेयर तैयार करने में अपनी रूचि दिखाई है।

प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने आईटी कंपनियों को बिड में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया एवं कंपनियों के अनुभव तथा श्रेष्ठतम रिसोर्स से राज्य को लाभान्वित करने के लिये अनुरोध किया। आयुक्त, कोष एवं लेखा लोकेश कुमार जाटव ने इस परियोजना को राज्य शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी बताते हुए कहा कि यह डिजिटल गवर्नेंस की एक अनूठी परियोजना है जो देश में एक आदर्श उदाहरण स्थापित करेगी।

मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

# सिंहस्थ व्यवस्था से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करें



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सिंहस्थ व्यवस्था संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुक्रवार को मंत्रालय में अब तक सिंहस्थ के लिये स्वीकृत कार्यों की निविदाएं नियत समय में जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिये है, उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें नियत समय में पूरा किया जायें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर अभी से श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। अत- वर्तमान स्थिति और सिंहस्थ समय में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान लगाकर उनकी व्यवस्था और सुरक्षा के संबंध में प्लान तैयार किया जायें। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में बेहतर व्यवस्था के लिये अधिकारियों की टीम प्रयागराज में कुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन करें। बैठक में बताया गया कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ-2028 के लिये 2 स्तरीय समिति का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सिंहस्थ के कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सिंहस्थ से जुड़े कार्यों के प्रस्ताव को प्रस्तुत किया जा रहा है। बैठक में उज्जैन कलेक्टर और कमिश्नर वर्चुअली जुड़े और उन्होंने सिंहस्थ को लेकर की जा रही कार्रवाई एवं विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में वर्ष 2025 से वर्ष 2027 तक आगामी तीन वर्षों के प्रस्तावित सिंहस्थ संबंधी कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पर्यटन और संस्कृति विभाग सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### भीड़ नियंत्रण के लिये तैयार किया जायें प्लान

समर्थन मूल्य पर अनाज उपार्जन और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर हुई कार्यशाला

## निर्धारित मानक से कम गुणवत्ता के खाद्यान्न न खरीदें : शमी

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि एफएक्यू गुणवत्ता के अनाज का ही उपार्जन करें। निर्धारित मानक से कम गुणवत्ता के खाद्यान्न की खरीदी नहीं करें। साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम और वेयर हॉउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें।

श्रीमती शमी ने यह बात प्रशासन अकादमी में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान व मोटा अनाज उपार्जन की तैयारी तथा पात्र परिवारों को राशन वितरण की समीक्षा के लिए आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धान मिलिंग उपार्जन के साथ ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़कर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण समय पर सुनिश्चित करें। वहीं खाद्य व प्रबंध संचालक वेयर हॉउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के आयुक्त सिवि चक्रवर्ती ने कहा कि धान का उपार्जन केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार करें। उन्होंने धान खरीदी की ऑनलाइन निगरानी करने की जाएगी। नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक पी.एन. यादव ने उपार्जन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए केन्द्रों पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। कार्यशाला में जीएम श्रीमती शिखा पोरस नरवाल, मनोज वर्मा, अपर संचालक एच.एस. परमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

**प्रतिभाशाली युवाओं के लिए....** अवसर मिला। उन्होंने यात्रा के दौरान हर पल और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी टीम के सदस्यों और प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब हम एकजुट होकर अच्छी योजना बनाते हैं, तो परिणाम भी अच्छा होता है और हमें जर्मनी से यही मिल रहा है। जर्मनी और आगे बढ़ रहा है। मैं महसूस करता हूँ कि वहां एक आंतरिक उत्साह है जो उन्हें अपनी चुनौतियों से निपटने में मदद कर रहा है। जर्मनी अपनी तकनीक को अन्य देशों के साथ साझा करने और भविष्य की यात्रा में उसका विश्वास बनाने की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जर्मनी से उन्हें कई ऐसे प्रस्ताव मिले हैं, जिनसे मध्यप्रदेश को इस विश्वास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है कि राज्य अपनी पारंपरिक क्षमताओं के साथ नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी बात है कि कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), स्वास्थ्य, शिक्षा, नई तकनीक और भारी उद्योग क्षेत्रों में जर्मनी से हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जर्मनी में हो रही तकनीकी प्रगति और उद्योगों में हो रहे नवाचारों को मध्यप्रदेश में लागू करने के लिए राज्य सरकार सक्रिय रूप से कदम उठा रही है। उन्होंने आशा जताई कि राज्य के लिए यह यात्रा कई नए उद्योगों, तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों के द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए मध्यप्रदेश को देश और दुनिया के सामने सशक्त औद्योगिक ताकत के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिपल-प्रति मिनिट हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है। हमारे बौद्धिक संपन्न युवा ही नहीं बल्कि प्रदेश के हर वर्ग के युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**इधर, जर्मनी में उद्योगपतियों....** साथ-साथ उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। उनकी दूरदर्शी सोच और निवेशकों के प्रति सकारात्मक रवैया ने ही जर्मन कंपनी को प्रदेश में अपने विस्तार की प्रेरणा दी है। भोपाल में जर्मन कंपनी एसीईडीएस को भूमि आवंटन मात्र एक शुरुआत है। यह साझेदारी न केवल औद्योगिक विकास की एक नई लहर लाएगी, बल्कि इसे प्रदेश के समग्र विकास के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस ऐतिहासिक यात्रा ने यह भी प्रमाणित कर दिया है कि मध्यप्रदेश न केवल भारत बल्कि वैश्विक निवेश का अगला प्रमुख केंद्र बनने की पूरी क्षमता रखता है।

**गोंदिया में सड़क हादसा....** हम उनके परिवार का दुख साझा करते हैं। उन्होंने आगे लिखा, इस घटना में घायल हुए लोगों का अगर किसी निजी अस्पताल में इलाज कराना भी पड़े तो उन्हें तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया गया है। मैंने गोंदिया के कलेक्टर से भी कहा है कि यदि आवश्यकता हो तो उन्हें नागपुर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करें। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत प्रयासों का समन्वय कर रहे हैं। मैं ईश्वर से इस घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**अडानी, संभल व मणिपुर पर....** उत्तर प्रदेश के संभल में हाल की हिंसा को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जैसे ही सदन की बैठक शुरू हुई, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने कई मुद्दे उठाने की कोशिश की। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य सदन के वेल में भी थे और नारे लगा रहे थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन को चलने देना चाहिए और प्रश्नकाल सदस्यों का समय होता है। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि सदन चले और चर्चा हो। प्रश्नकाल के दौरान लगभग 10 मिनट तक दो प्रश्न उठाए गए। हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**आत्मचिंदन और कमियों को....** के चुनावों में इंडिया गठबंधन ने दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इन नतीजों पर चिंतन करते हुए खड़गे ने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं। हमें इनसे तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के अंदरूनी कलह और फूट की ओर इशारा किया, जो उनके लिए एक बड़ी बाधा साबित हुई। सबसे जरूरी बात जो मैं कहता रहता हूं, वह यह है कि एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक हम अपने विरोधियों को राजनीतिक रूप से कैसे हरा पाएंगे?'

उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए यह जरूरी है कि हम अनुशासन का सख्ती से पालन करें। हमें हर परिस्थिति में एकजुट रहना होगा। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने साथियों को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। इसलिए सभी को यह सोचने की जरूरत है कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है।'

खरगे ने कांग्रेस को अपनी चुनावी रणनीतियों में बदलाव करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने केवल राष्ट्रीय नेताओं और मुद्दों पर निर्भर रहने से हटकर स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने पूछा, 'कब तक आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं के आधार पर राज्य के चुनाव लड़ेंगे?' उन्होंने पार्टी से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने और हर राज्य के अनुरूप विस्तृत रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव की तैयारी कम से कम एक साल पहले शुरू हो जानी चाहिए, जिसमें वोटर लिस्ट मैनेजमेंट पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पार्टी के समर्थकों का प्रतिनिधित्व हो।

इसके बाद खड़गे ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर संदेह जताते हुए ईवीएम और चुनाव आयोग की भूमिका की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसलिए इसके बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा है। लेकिन देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना उनका संवैधानिक दायित्व है।'

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।